SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 27 जून 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 150 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



JAIN RESORT
जैन रिसॉर्ट्स
शांत, सुरम्य नवेगांव नागझिरा फॉरेस्ट के पास स्थित
Relaxation at its Peak
VEG

उपलब्ध सेवाएं..
- शादी, रिसेप्शन, व अन्य छोटी बड़ी पार्टीयां सभी सुविधाओं के साथ..
- लॉन व रिसॉर्ट 2 लाख फीट में..
- सभी 80 रुम, 2 बेंक्वेट हॉल एसी
- घराती बाराती 300 एवं मेहमानों की व्यवस्था..
- स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन..
- लिफ्ट सुविधा, 24 x 7 विद्युत सुविधा..
अन्य सभी सुविधाएं आवश्यतानुसार..कैटरिंग, सजावट, फूल सजावट, स्टेज की व्यवस्था..
पता - गराड़ा, मुंडीपार, तहसील - गोरेगांव, जिला गोंदिया 441801 (महाराष्ट्र)
N-H- 753 गोंदिया से 17 किलोमीटर दूर..
संपर्क करें..
नमन जैन 9049223444
ऑफिस 9270175557

## वेनेज़ुएला : भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हुई, 3,360 लोग घायल..

**ला ग्वायरा, (एपी)।** वेनेजुएला में बुधवार को आए दो विनाशकारी भूकंप के झटकों में मरने वाले की संख्या बढ़कर 920 हो गई है जबकि 3,360 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज़ ने घोषणा की कि देश में भूकंप से मरने वालों की संख्या कम से कम 920 हो गई है, और 3,360 अनय घायल हुए हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कई परिवारों का कहना है कि उनके प्रियजन अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

## शिमला के रामपुर में पिकअप वाहन खाई में गिरा, छह लोगों की मौत

**शिमला, (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में उरमान के पास शुक्रवार को एक पिकअप वाहन के खाई में गिर जाने से इसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे के समय यह वाहन रामपुर से तकलेच की ओर जा रहा था।

तकलेच रामपुर से लगभग 30-35 किलोमीटर ऊपर पहाड़ी पर स्थित गांव है। पुलिस के अनुसार, मृतकों में कुल्लू जिले के अन्नी की रहने वाली आशा कुमारी और उनका बेटा युगल शामिल है। इसने बताया कि अन्य मृतकों की पहचान अभिषेक सानी (23), लायक राम (56), नितिन (23) और वाहन चालक (23) वर्षीय अशोक जैन के तौर पर हुई है, जो रामपुर के अलग-अलग गांवों के रहने वाले थे। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 9425822975

# अयोध्या राम मंदिर दान गबन मामले में 8 आरोपियों की 29 जून तक न्यायिक हिरासत..

### तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने दिया इस्तीफा, सपा, आप, कांग्रेस व भाजपा के बीच सियासी घमासान तेज..



**अयोध्या/लखनऊ, (भाषा)।** ***अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान के कथित गबन के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को शुक्रवार को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। जांचकर्ता ने आरोपियों के पास से अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद करने का दावा किया है।***

इस बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे की अटकलों के बीच विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा कि उसे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। चंपत राय विहिप के उपाध्यक्ष भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मामले को 'धर्मयुद्ध' करार देते हुए कथित 'चंदा चोरों' के सामाजिक बहिष्कार की अपील की और कहा कि इससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का ''लंकाकांड'' अयोध्या से शुरू हो गया है। कांग्रेस ने मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराने और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरा विवाद सपा और कांग्रेस की साजिश का हिस्सा है। यह प्राथमिकी ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर दर्ज की गई। इसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट की सिफारिशों के आधार पर दर्ज किया गया। सात जून को कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद एसआईटी का गठन किया गया था। गिरफ्तार आठों आरोपियों में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, राम शंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फटिन्नू यादव मंदिर में प्राप्त नकद दान और कीमती सामान की गणना की प्रक्रिया से जुड़े थे। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपियों को बृहस्पतिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। सरकारी वकील के अनुसार, उन्हें विशेष रिमांड मजिस्ट्रेट निवेदिता सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अभियोजन अधिकारी के सी वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर लोक सेवकों द्वारा विश्वास का आपराधिक उल्लंघन और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं भी लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पांच-छह बैंक कर्मचारी हैं, जिन्हें मंदिर में प्राप्त दान की गणना के लिए तैनात किया गया था। टिन्नू यादव चालक के रूप में कार्यरत था, जबकि सुभाष श्रीवास्तव नकदी गणना प्रक्रिया का प्रभारी था। पुलिस सोमवार को आरोपियों को दोबारा अदालत में पेश किए जाने पर उनकी पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की चोरी, चोरी की संपत्ति रखने, आपराधिक साजिश समेत विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री ने देवरिया में कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अयोध्या को बदनाम करने और लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रहे हैं। योगी ने जांच पूरी होने तक राजनीतिक बयानबाजी से बचने की अपील की और कहा कि सनातन धर्म की आस्था के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने केजरीवाल की टिप्पणियों पर भी निशाना साधा। राम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद केजरीवाल ने संवाददाताओं से बातचीत में इस मामले को ''धर्मयुद्ध'' बताते हुए आरोप लगाया कि भगवान राम के मंदिर में ''महाडकैती'' हुई है। उन्होंने प्राथमिकी और एसआईटी जांच को ''फर्जी'' बताते हुए आरोप लगाया कि केवल ''छोटे कर्मचारियों'' को आरोपी बनाया गया है, जबकि प्रभावशाली लोगों को बचाया जा रहा है।

उन्होंने कथित आरोपियों के सामाजिक बहिष्कार की अपील करते हुए कहा कि जब तक दोषियों को ''सार्वजनिक रूप से फांसी'' नहीं दी जाती, तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने मंदिर का प्रबंधन राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों के बजाय संत-महात्माओं को सौंपने की भी मांग की। केजरीवाल ने कहा, ''जो लोग भगवान राम के नाम पर सत्ता में आए हैं, अब भगवान राम ही उन्हें सत्ता से बाहर करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि इस पूरे प्रकरण से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। सपा अध्यक्ष ने 'एक्स' पर कई पोस्ट कर नकदी, आभूषण और दान की गणना में बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का ''लंकाकांड'' अयोध्या में ही होगा। उन्होंने सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इस विवाद ने सत्ता पक्ष के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि प्राथमिकी केवल 'दिखावा' है, क्योंकि इसमें चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई है। नयी दिल्ली में कांग्रेस ने कथित गबन की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराने तथा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्राथमिकी में केवल निचले स्तर के कर्मचारियों को नामजद किया गया है, जबकि शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि केवल उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र जांच ही कथित 'मंदिर लूट' की पूरी सच्चाई सामने ला सकती है।

# बंगाल धर्मांतरण रोधी कड़ा कानून लाएगा, यूसीसी लागू करेगा : शुभेंदु



**कोलकाता, (भाषा)।** ***पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 'भूमि जिहाद', 'लव जिहाद' और धर्मांतरण के खिलाफएक कड़ा कानून लाएगी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत*** करने और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के उपायों के तहत राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर रवींद्र सदन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ होने के कारण जनसांख्यिकीय बदलाव हुए हैं, जिससे पश्चिम बंगाल के सामाजिक ताने-बाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमें कुछ समय दीजिए। पश्चिम बंगाल में भूमि जिहाद, लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून तथा समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने सीमा पर अवसंरचना के लिए जरूरी जमीन उपलब्ध कराकर सीमा सुरक्षा को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में ''घुसपैठियों'' की पहचान करने और उन्हें उनके मूल स्थान पर वापस भेजने के लिए 'होल्डिंग सेंटर' बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, ''जो लोग गैर-कानूनी तरीके से देश में घुसते हैं और ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं, जिनसे भारत की संस्कृति और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो, उन्हें वापस भेज दिया जाएगा।''

शुभेंदु अधिकारी ने गैर-कानूनी प्रवासियों और नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) के दायरे में आने वाले शरणार्थियों के बीच अंतर बताते हुए कहा कि धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आए हिंदू ''घुसपैठिए नहीं'' हैं और उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसी भी ताकत को पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक पहचान या राष्ट्रीय चरित्र को कमजोर नहीं करने देगी। उन्होंने राज्य को भारत की ''सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी'' बताया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए, अधिकारी ने 'वंदे मातरम्' के रचयिता को एक दूरदर्शी साहित्यकार, पत्रकार और प्रशासक बताया, जिनकी रचनाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रही हैं। राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम्' को देश के लिए संजीवनी मंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार बंकिम चंद्र की जयंती मनाने के लिए नैहाटी स्थित उनके पैतृक घर और कोलकाता में उनके आवास पर आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित किए। दिन में बाद में, अधिकारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में भाजपा के कार्यालय का उद्घाटन किया।

## इज़राइल और लेबनान ने अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किएः रुबियो

**वाशिंगटन, (एपी)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजराइल और लेबनान के राजदूतों के साथ शुक्रवार को एक समझौते की घोषणा की, जिसे इजराइली बलों और लेबनान के चरमपंथी गुट हिज़्बुल्ला के बीच महीनों से जारी संघर्ष के बाद शांति की दिशा में पहला कदम बताया जा रहा है। अधिकारियों ने समझौते के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, जिस पर अमेरिका में इज़राइल के राजदूत येचिएल लीटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमदेह ने हस्ताक्षर किए।**

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन | फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण | सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग | फार्मेसी
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time | AICTE Approved
- Civil Engg.
- Mechanical Engg.
- Electrical Engg.
- Mining Engg.
- Computer Sc. & Engg.
- Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
- D. PHARMACY
- B. PHARMACY
- M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
- B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
- B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
- B.A. LL.B.
- LL.B. - LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
- BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई


मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


### बालाघाट में हजरत हक्कू शाह बाबा का 222 वे सालाना उर्स पर

# अमनो अमान के पैगाम के साथ निकला शाही संदल, दरगाह में पेश की गई चादर..

## लंगर ए आम आज, रंग महफ़िल जमेगी कल..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

हर साल की तरह इस साल भी सैय्यद अलहाज अब्दुल हकीम उर्फ हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती का सालाना उर्स पूर्ण अकीदतो, हर्षोल्लास और विधि विधान के साथ मनाया जा रहा हैं। बाबा के इस सालाना उर्स मुबारक़ पर उर्स कमेटी द्वारा मेन रोड स्थित आस्ताना ए औलिया दरबार को दुल्हन की तरह सजाकर रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।





जहां हर साल की तरह इस साल भी रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर 29 जुलाई की रात कव्वाली व कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा। इसी कड़ी में हजरत हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 222 वे सालाना उर्स मुबारक पर हर साल की तरह इस साल भी अमनो अमान के पैगाम के साथ दरगाह शरीफ से शाही संदल निकला गया। यह शाही संदन काली पुतली चौक से- बस स्टैंड, रानी अवंती बाई चौक, बैहर रोड रजा नगर, वार्ड नंबर 10 इमामबाड़ा पहुंचा। जहाँ से अलम और चादर के साथ शाही संदल अंजुमन शादी हॉल से बैहर चौकी, वहां से देवी तालाब रोड सहित नगर के विभिन्न मार्गों का गस्त करता हुआ वापस मेन रोड से दरबार शरीफ पहुंचा।जहां बाबा को अलम व चादर पेश की गईं। जिसमे उपस्थितजनो ने बाबा के असताने में अकीदतों के फूल चादर पेश कर देश व पूरी दुनिया में अमन चैन शांति, आपसी भाईचारे, मुल्क की तरक्की और अमनो अमान की मन्नतें मांगी।

## गुसल परचू कुशाई से होते क्रम में मनाया गया यादे हुसैना..

सालाना उर्स मुबारक पर हर साल की तरह इस साल भी रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है। 21 से 29 जून तक चलने वाले इस सालाना उर्स मुबारक की शुरुवात 21 जून की सुबह मजार शरीफ का गुसल व परचम कुशाई के साथ की गई। 23जून को हजरत इमाम हुसैन रजी. के मुए मुबारक का दीदार कराया गया। 25 जून को सुबह 10 बजे कुरान ख्वानी व मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ, तो वही शुक्रवार 26 जून की सुबहा यादे हुसैना मनाया गया। वही दोपहर में उर्स मुबारक पर शाही संदल नगर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुँचा। जहा अमनो आमान की सामुहिक दुवाओ के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कराए गए। उधर इस शाही संदल में उपस्थित बच्चे से लेकर युवा वर्ग संदल के सामने अखाड़े का हुनर पेश करते हुए नजर आए।

## कव्वाली के आयोजन के साथ उर्स का होगा समापन..

सैय्यद अलहाज अब्दुल हकीम उर्फहक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 222 वे सालाना उर्स मुबारक पर मेन रोड स्थित आस्ताना ए औलिया दरबार को रंग रोगन कर, रंग बिरंगी लाइट, आकर्षक डेकोरेशन लगाकर दरगाह शरीफ को फूलों से सजाया गया हैं। जहाँ उर्स कमेटी व दरबार कमेटी द्वारा उर्स मुबारक पर रोजाना विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए जा रहे हैं। जो 29 जून तक किए जाएंगे। जहां 29 जून की रात कव्वाली, तो उसके बाद कुल शरीफ की फातिहा का आयोजन कर उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा। इसी तरह 28 जून रविवार की शाम को फूलों का नजराना पेश कर दरगाह शरीफमें चादर चढ़ाई जाएगी। वही शाम को लंगर ए आम का आयोजन होगा। 29 जून को कुल शरीफकी फातिहा, रंग महफ़िल कार्यक्रम होगा। जहा उर्स ए मुबारक पर अजीमो शान कव्वाली का आयोजन होगा, जिसमें देश व दुनिया के मशहूर कव्वाल सब्बू शादब साबरी करियर शरीफ उत्तराखंड / और शफ़ैज़ शावेज वारसी देवा शरीफ यू पी से तशरीफ़ ला रहे है। अपने फन में माहिर ये दोनों कव्वाल देर रात तक अपने चुनिंदा शेर और कव्वाली पेश करते नजर आएंगे जिसके बाद देश में अमन चैन शांति और अमनो अमान की सामूहिक दुवाओ के साथ उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा। हज़रत हक्कू शाह बाबा दरबार ए खुद्दाम एवं कमेटी ने तामाम अक़ीदतमंदो व बाबा के चाहने वालों से उर्स ए मुबारक व तमाम आयोजनों में शामिल होने की गुज़ारिश की है।

# बालाघाट में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर्व पर किया गया भगवान् शिव का अभिषेक पूजन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट में माहेश्वरी समाज का उत्पति दिवस बड़ी ही श्रद्धा भक्ति भाव के साथ धुमधाम से मनाया गया। देवों के देव भगवान् शिव का एक नाम महेश है। उसी नाम के कारण शिव आशीर्वाद से निर्मित वंश का नाम माहेश्वरी समाज पड़ा था। बालाघाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी***



माहेश्वरी समाज का 5159 वा वंशोंत्पति दिवस विधि विधान से मनाया गया। पर्व के उपलक्ष्य में नगर के श्री शिव सांई मंदीर परिसर में समस्त समाजजनों की उपस्थिति में प्रातः 8 बजे भगवान् शिव जी का अभिषेक- पूजन- आरती कर महेश वंदना के साथ प्रभू को स्मरण किया गया। छिंदवाड़ा से पधारे समाज के पूर्व अध्यक्ष माहेश्वरी समाज के डॉ. महेश कुमार चांडक् (वष्ठि न्यायिक सदस्य जज जिला उपभोक्ता आयोग, बालाघाट) का माहेश्वरी समाज द्वारा पुष्प गुच्छ् प्रदान कर सम्मान अभिनंदन किया गया।

माहेश्वरी समाज बालाघाट के अध्यक्ष खुशाल् माहेश्वरी, सचिव रमेश राठी, कोषाध्यक्ष ललित माहेश्वरी, श्री रामेश्वर सोनी, श्री गुलाब माहेश्वरी, श्री राजू माहेश्वरी, श्री सौरभ माहेश्वरी, श्री आकेत माहेश्वरी, श्री पीयूष माहेश्वरी, तारने माहेश्वरी, जगदलपुर से पधारे गौरव माहेश्वरी, महिला मंडल अध्यक्षा निर्मला माहेश्वरी, सचिव मनोरमा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दुर्गा राठी, गीता सोनी, रूपा माहेश्वरी, रत्ना माहेश्वरी, शीतल माहेश्वरी, गुलशन माहेश्वरी, श्वेता माहेश्वरी, हर्षा माहेश्वरी, कु. ऋषिका माहेश्वरी, एवं बच्चो ने उत्साह से भाग लिया। अंत में मिठाई नास्ता प्रसादी वितरण किया गया। शाम को 11 दीपक प्रज्वलित किये गए।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी घोषित, जिलाध्यक्ष कावरे ने दी संगठन समर्पण की शुभकामनाएं..

## राष्ट्रनिर्माण और जनकल्याण में देगें बढचढकर योगदान : सिंद्धांत पाटिल

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की अनुमति तथा अनुसूचित जांति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी. जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष बालाघाट रामकिशोर 'नानो' कावरे की अनुशंसा से भाजपा***

अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धांत पाटिल ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। जिन सदस्यों की नियुक्ति की गई उनमें उपाध्यक्ष पद पर संजय जैसवार, अतुल वैद्य, लालदास बारेकर, भारत चौधरी, अनमोल रामटेके को मनोनित किया गया।

इसी प्रकार महामंत्री- श्रीमती वैशाली गजभिये, हर्षित रेड्डी, मंत्री- डां संतोष खरोले, दिलीप बेलवंशी, कमलेश सूर्यवंशी, विनोद पंचभाये, डां दीपक चौधरी, कोषाध्यक्ष, रजत डोंगरे, सह कोषाध्यक्ष विनेश डोंगरे, कार्यालय मंत्री कृष्णा मेश्राम, सह कार्यालय मंत्री नितिन सेन्द्रे, मीडिया प्रभारी पवन वैद्य, सह मीडिया प्रभारी शैलेष घरडे, सोशल मीडिया प्रभारी नागसेन वैद्य सह सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती श्यामकली नाग, आईटी प्रभारी सिद्धार्थ खोब्रागड़े, सहआईटी प्रभारी विनय गजभिये, मन की बात प्रमुख रंजीश गौरे, मन की बात सह प्रमुख संत वासनिक, सामाजिक संपर्क प्रमुख भोजलाल श्रीनाग, सामाजिक संपर्क सहप्रमुख श्रीमती मंजू बोरकर, लाभार्थी प्रमुख नंदकिशोर भालाधरे, जिला कार्यकारिणी सदस्य- रामरत्न नन्हेट, अंकुर देशभरतार, रिशु वानखेड़े, अजय गौरे, श्रीमती काजल गौरे, संदीप वैद्य, लखन आनंद, राजू कुरील, श्याम किशोर गजभिये, राजेश मड़के शामिल है। नवनियुक्ति पदाधिकारियों को संगठन सेवा और संगठन समर्पण की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने प्रदत्त दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का आव्हवान किया। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए दायित्व वान पदाधिकारियों से राष्ट्रनिर्माण, संगठन निष्ठा, जनकल्याण के कार्यो में बढचढकर योगदान देने की बात कही। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाईयां दी।

### महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के 500 दिन पूर्ण होने पर

# बालाघाट में बौद्ध अनुयायियों ने रैली एवं नारेबाजी के साथ दिया एक दिवसीय धरना, सौंपा ज्ञापन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बिहार राज्य स्थित बोधगया महाविहार वह स्थल है जिस स्थल में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी, जिसकी वजह से बोधगया महाविहार बौद्ध समुदाय का पवित्र स्थल है और इस स्थल पर नतमस्तक होने के लिए केवल प्रदेश या देश के ही नहीं बल्कि विदेशों तक के लोग व श्रद्धालु यहां आते हैं, लेकिन बौद्धों के इस पवित्र स्थल पर गैर बौद्धों ने अपना***

कब्जा कर लिया है। जहां महाबोधि मंदिर अधिनियम की आड़ में बोधगया पर अपना कब्जा जमाए लोग बोधगया का गलत इतिहास प्रस्तुत कर रहे हैं और पूजा अर्चना की अलग विधि व पद्धति बता रहे हैं।

ऐसा आरोप लगाते हुए पवित्र धार्मिक स्थल बोधगया से गैर बौध्दों का अतिक्रमण हटाने और उक्त पवित्र स्थल को बौद्धों के सुपुर्द किए जाने की मांग, बौद्ध अनुयायियों द्वारा देश भर में पिछले कई वर्षों से की जा रही है, जिसको लेकर शुरू हुए महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को 500 दिन पूर्ण हो गए है। लेकिन अब तक इसका कोई समाधान नही निकल पाया है जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए बौद्ध अनुयायियों ने कोसमी स्थित त्रिरत्न बौध्द विहार में एक दिवसीय धरना कर जमकर नारेबाजी की। इसी के साथ एक वाहन रैली निकालकर अंबेडकर चौक में एक ज्ञापन सौंपा गया। सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने बौध्दगया को गैर बौद्धों से मुक्त कर






वर्षों से लंबीत उनकी विभिन्न सूत्रीय मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।तो वही मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

## बीटीएमसी एक्ट को समाप्त करे सरकार..

बौद्ध अनुयायियो का आरोप है कि गैर बौद्ध, महाबोधी महाविहार प्रबंधन कमेटी है, जबकि अन्य धर्मो के लोगो के धार्मिक स्थल का प्रबंधन, उन्हीं धर्म के लोगो के हाथो में है।इसलिए महाबोधी महाविहार मंदिर का प्रबंधन बौद्धो को सौंपा जाना चाहिए।जिसको लेकर प्रदर्शनकारियों ने बिहार के बौद्ध गया स्थित महाबोधि महाविहार के प्रबंधन को लेकर 1949 में बने बीटीएमसी (बिहार टेंपल मैनेजमेंट कमेटी) को खत्म करने की मांग की है।

## बोले विकास खांडेकर

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति अध्यक्ष विकास खांडेकर ने बताया कि महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में आयोजित किया गया है, क्योंकि यह आंदोलन 500 दिनों से लगातार भिक्कु संघ द्वारा बोधगया मे किया जा रहा है। केवल यही नही महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर विभिन्न बुद्ध विहारों में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

## बोले रवि पटले

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति संरक्षक रवि पटले ने बताया कि बिहार सरकार हमारी लगातार उपेक्षा कर रही है ,पिछले कई वर्षो के संघर्ष आंदोलन करने के बाद भी हमारी मांगों को सरकार द्वारा अनदेखा किया जा रहा है।आंदोलन करने वालों को तरह-तरह से परेशान करने और फर्जी मुकदमे दायर करने का काम किया जा रहा है।हमारी मांग है कि बोधगया का आधिपत्य गैर बौध्दों को हाथों से लेकर बौध्दों को सौपा जाए। यहां हमारी विरासत है, हमारा सबसे पवित्र स्थान है और उसपर ही कब्जा जमा कर रखा गया है। बिहार सरकार हमारी सुनवाई नहीं कर रही है। इसीलिए आज यहां एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, इसके बाद भी यदि सरकार नहीं मानती और बोधगया का आधिपत्य बौध्दों के हाथों में नहीं सौपा जाता, तो फिर सामाजिक बन्धुओ द्वारा सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

# बालाघाट के काली पुतली चौक में युवा कांग्रेस की जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन 28 जून को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***युवा कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 28 जून 2026 को दोपहर 1 बजे काली पुतली चौक, बालाघाट में जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।***

कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश एवं देश के युवाओं, किसानों, छात्रों और आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रदर्शन में नीट पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, मध्यप्रदेश की सरकारी भर्तियों में कथित घोटालों की जांच, कॉलेज छात्रों की छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के लिए रुपये 3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, डीएपी खाद के दाम कम करने, 5 एचपी तक के किसानों को 24 घंटे निःशुल्क बिजली, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी, स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महंगाई एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा आदिवासियों की जमीन को भू-माफिआओं से बचाने जैसी मांगों को उठाया जाएगा।

**युवा कांग्रेस ने जिले के युवाओं, किसानों, छात्रों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।**

# व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूर्ववत सुचारु रूप से जारी

***जगप्रेरणा बालाघाट। जिले में व्यावसायिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अब पूर्ववत एवं सुचारु रूप से जारी रहेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि 25 जून 2026 को मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के उपयोग एवं आपूर्ति के संबंध में पूर्व में जारी आदेश को विलोपित (निरस्त) कर दिया गया है।***

उन्होंने बताया कि आदेश निरस्त होने के बाद जिले की सभी अधिकृत गैस एजेंसियां नियमानुसार व्यावसायिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व की भांति करती रहेंगी। इससे होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। आपूर्ति अधिकारी श्री भलावी ने जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसियों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति संबंधी कोई असुविधा होती है तो वे संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला आपूर्ति कार्यालय, बालाघाट से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# अनूठी पहल: स्कूली बच्चों ने तैयार किए पौधों के 'क्यू आर कोड', स्कैन करते ही मिलेगी पूरी जानकारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पर्यावरण संरक्षण और तकनीक के अनूठे संगम का एक बेहतरीन उदाहरण स्थानीय स्कूली बच्चों ने पेश किया है।***



विद्यालय के इको क्लब प्रभारी पूजा पांडे के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने परिसर में मौजूद विभिन्न पेड़-पौधों के लिए विशेष क्यूआर कोड (QR Code) का निर्माण किया है। इस डिजिटल पहल के बाद अब कोई भी व्यक्ति मोबाइल से इस कोड को स्कैन कर पौधों से जुड़ी विस्तृत जानकारी हासिल कर सकता है।

## तकनीक से जुड़ा पर्यावरण संरक्षण

इको क्लब की इस गतिविधि के तहत बच्चों ने सबसे पहले स्कूल परिसर में मौजूद औषधीय, छायादार और फलदार पेड़ों की पहचान की। इसके बाद शिक्षिका पूजा पांडे के मार्गदर्शन में बच्चों ने डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए प्रत्येक पेड़ का एक विशिष्ट क्यूआर कोड जनरेट किया। इन कोड्स को तख्तियों पर प्रिंट करके संबंधित पेड़ों पर लगाया गया है।

## स्कैन करते ही खुलेगा 'ज्ञान का पिटारा'..

इस क्यूआर कोड को मोबाइल कैमरे या स्कैनर से स्कैन करते ही संबंधित पौधे की पूरी 'कुंडली' सामने आ जाती है। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित जानकारियां शामिल हैं: **पौधे का नाम:** स्थानीय नाम के साथ-साथ उसका वैज्ञानिक (Biological) नाम। **प्रजाति और उत्पत्ति:** वह पौधा किस प्रजाति का है और उसकी उत्पत्ति कहां की है। **औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व:** वह पौधा हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कितना फायदेमंद है। **देखभाल के तरीके:** पौधे को कितने पानी, धूप और किस तरह की मिट्टी की आवश्यकता होती है, ताकि उसकी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

## मार्गदर्शक पूजा पांडे का संदेश

इस सराहनीय प्रयास पर इको क्लब प्रभारी पूजा पांडे ने बताया: 'इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर व्यावहारिक और तकनीकी रूप से समृद्ध करना है। आज की पीढ़ी तकनीक से बहुत जल्दी जुड़ती है। जब बच्चों ने खुद रिसर्च करके ये क्यूआर कोड बनाए, तो न सिर्फ उनका पौधों के प्रति लगाव बढ़ा, बल्कि वे उनकी समस्याओं और देखभाल के तरीकों से भी अच्छी तरह वाकिफ हुए।'

## हर तरफ हो रही सराहना..

स्कूली बच्चों द्वारा की गई इस अनूठी और आधुनिक पहल की विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। लोगों का मानना है कि यह प्रयोग अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगा, जिससे बच्चे प्रकृति के और करीब आ सकेंगे।

# श्रद्धा और सेवा का संगम: 20 वर्षों से अनवरत जारी है सिद्ध पीठ भैरव बाबा मंदिर का विशाल भंडारा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी - मंडला मार्ग पर स्थित बड़ा घाट अटूट आस्था, निस्वार्थ सेवा और जन-कल्याण का एक अद्भुत उदाहरण सिद्ध पीठ भैरव बाबा मंदिर (बड़ा घाट) में देखने को मिलता है। यहाँ पिछले 20 वर्षों से निरंतर प्रत्येक गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बाबा के दर्शन और महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए हर हफ्ते यहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।






## सुरेंद्र साहू की निस्वार्थ सेवा: अपने हाथों से परोसते हैं तृप्ति..

इस पुनीत कार्य के सूत्रधार सुरेंद्र कुमार साहू हैं, जो पिछले दो दशकों से बिना किसी नागा के इस भंडारे का संचालन कर रहे हैं। बाबा के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे स्वयं अपने हाथों से भक्तों को सम्मानपूर्वक प्रसाद वितरित करते हैं। उनके इस निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना क्षेत्र का बच्चा-बच्चा करता है।

## 1995 में हुआ था भव्य जीर्णोद्धार..

उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक सिद्ध पीठ का वर्ष 1995 में भव्य जीर्णोद्धार कराया गया था। सुरेंद्र एवं मंजू साहू द्वारा इस भव्य मंदिर को पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के चरणों में समर्पित किया गया था। तब से लेकर आज तक, यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा की भी मिसाल पेश कर रहा है।

## भक्तों का विश्वास..

स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि भैरव बाबा के दरबार से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटता। गुरुवार के दिन यहाँ का माहौल अत्यंत भक्तिमय और दिव्य हो जाता है, जहाँ अमीर-गरीब का भेद भूलकर सभी एक ही पंक्ति में बैठकर बाबा का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

# कंटेनर से टकराकर घर में जा घुसा तूफान वाहन

## तीन लोगों की मौत, एक दर्जन लोग घायल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 में कुरई थाना क्षेत्र में पचधार (खवासा) के समीप शुक्रवार की तड़के सुबह लगभग 3.11 बजे कंटेनर के पिछले से टकराकर तूफान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर में जा घूसी। इस भीषण दुर्घटना में तफान में सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई तो वहीं एक दर्जन लोग घायल हो गये है जिसमें आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोट आयी है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में कुरई थाना क्षेत्र के पचधार के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 3.11 बजे तेज रफ्तार तूफान वाहन क्रमांक सीजी 07 बीसी 4335 के चालक को नींद की झपकी आयी और वह समाने-सामने चल रहे कंटेनर क्रमांक एमएच 43 सीके 0577 के पिछले हिस्से से टकरा गया, इसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर सड़क किनारे बने मकान की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसा, वो तो गनीमत थी कि उस समय घर में उपस्थित परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं आयी। घटना में कंटेनर वाहन भी सड़क पर पलट गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी 06 खवासा टीम बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर मौजूद 10 से 12 घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से तुरंत कुरई के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को सिवनी जिला अस्पताल लाया गया। कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। फोर्स तूफान वाहन डिंडौरी से मजदूरों को लेकर केरल जा रही थी, जिसमें लगभग 30 लोग सवार थे। हादसे में नरेंद्र पिता जित्तू सोनवाने निवासी ग्राम पद्दीकोंना थाना घुघरी जिला मंडला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों दशरथ धुर्वे निवासी ग्राम पद्दीकोना एवं सरजू पिता मोतीलाल बालरे निवासी ग्राम चाबी थाना घुघरी जिला मंडला की सिवनी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

जबकि गंभीर घायल संजय पिता सुकल पुसाम ग्राम भैंसवाही थाना घुघरी जिला मंडला, धनेश्वरी पति विपिन मरावी ग्राम अहमदपुर थाना घुघरी जिला मंडला का उपचार चल रहा है बांकि घायलों को मामूली चोट आने पर उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ट्रक के यू-टर्न लेने के दौरान यह हादसा होना सामने आया है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# छपारा में तीन दिनों तक बहेगी सत्संग की सरिता

## हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट दिवस..

## ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर आज से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ..

**जगप्रेरणा छपारा।**

सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय विराट सत्संग समारोह का आयोजन सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनांक 27 जून शनिवार से 29 जून सोमवार तक सदगुरु कबीर धाम आचार्य पीठ सागर के 10 वे आचार्य श्री श्री 108 प्रातः स्मरणीय श्री रामजीवन शास्त्री साहेब जी के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

विदित हो कि यह सत्संग समारोह सन 2004 से अनवरत जारी है। कार्यक्रम का आयोजन नवनिर्मित सदगुरु कबीर सत्संग भवन से होगा जो मां बैनगंगा के पावन तट पर गोल्डन टेंपल के सामने स्थित है। आयोजन समिति ,कबीर सैनिक संघ एवं महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

दिनांक 26 जून दिन शुक्रवार को पूज्य आचार्य श्री का छपारा नगर आगमन हुआ। आज दिनांक 27 जून 2026 दिन शनिवार को प्रातः 9:00 बजे श्री श्रीचंद अवधिया के घर से पूज्य आचार्य श्री का गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल में पदार्पण होगा। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री के कर कमलों से झंडा वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात कबीर दर्शन पर चिंतन सत्संग एवं भोजन होगा ।दोपहर 2:00 बजे से भजन गान प्रवचन, सत्संग। रात्रि 8 बजे से संध्या पाठ,भोजन एवं भजन संध्या। दिनांक 28 जून 2026 दिन रविवार को प्रातः 8:00 बजे से गुरु महिमा पाठ, भजन गान ,प्रातः 10 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री एवं बाहर से पधारे संतों द्वारा कबीर दर्शन पर सत्संग होगा।



मुख्य आकर्षण के रूप में सायं 4 बजे से सत्येश्वर सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा (सद्भावना रैली) नगर में निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर रजनीश सिंह विधायक केवलारी, विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार जैन, सूरज लाल बंजारा, ठा. जयकेश पटेल, श्रीमती बैजन्ती, राम कुमार मरावी, शिव कुमार शिवहरे, गुलाबचंद साहू, आरिफपटेल, श्रीमती सोनल चंदू श्रीवात्री एवं समस्त पाषर्द गण रहेंगे। दिनांक 29 जून 2026 दिन सोमवार को प्रातः 8:00 बजे से गुरु महिमा पाठ, भजन गान 11 बजे से सत्पुरुष पूजन, गुरु पूजा, सात्विक यज्ञ, चौका आरती एवं आशीर्वचन तत्पश्चात भोजन भंडारा एवं समापन। मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद, दिनेश राय मुनमुन विधायक, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीता पटेरिया, श्रीमती निशा सुरेश पटेल, ठा. शिवकांत सिंह, ठा. जयदीप सिंह चौहान, ठा. नवनीत सिंह, ठा. अर्जुन सिंह, सोहनलाल कश्यप रहेंगे । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जावेगी।

भाइयों चाहे हम किसी भी जाति, धर्म, मत, पंथ से क्यों ना जुड़े हों पर यदि हम गुरु परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं तो हमारी अंतरात्मा में कहीं ना कहीं यह चाहत जरूर रहती है कि हम उस स्रोत को जाने, पहचाने और वहां तक पहुंचने का प्रयास भी करें जहां से हम आए हुए हैं। हालांकि हमारी आत्मा जानती है कि वह अनंत है, अजर है, अमर है, अविनाशी है और उसका वास्तविक घर इस मृत्युलोक में नहीं बल्कि अमरलोक में है, जहां सत्यपुरुष परमात्मा रहता है।

पर इस भौतिक संसार की चकाचौंध, मोह माया, रिश्ते नाते ,सुख-दुख और लोभ लालच हमारी आत्मा पर ऐसा पर्दा डाल देते हैं जिससे आत्मा को अपनी सच्ची पहचान और अपनी मंजिल याद नहीं रहती। एक सच्चे गुरु ही हमें आत्म स्पर्श करा सकते हैं। अतः आप सभी धर्म प्रेमी भक्तजन सह परिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं। प्रथम दिन से ही सत्संग में अपनी उपस्थिति देकर जीवन को सार्थक करें।

# साइबर अपराध से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया कोतवाली प्रभारी ने..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

लगातार बढ़ रहे साइबर सेल के खतरे को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा साइबर की जानकारी हेतु ऐप्स तैयार किया गया है जिसके माध्यम से लोगों को मोबाइल एवं साइबर के माध्यम से होने वाले अपराधों को नियंत्रित करने की सलाह दी जा रही है।






इसी तारतम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी में नगर कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी सी सत्येंद्र उपाध्याय आरक्षक प्रतीक बघेल दिलीप उईके सहित प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे पूजा पांडे आरती पांडे अकीला खान की उपस्थिति में कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया साथ ही इन अपराधों से हम अपने आप को कैसे सुरक्षित कर सकते हैं

जिसको लेकर विस्तार से अपनी बात रखी इस दौरान छात्राओं ने अनेक प्रश्न किया जिसका उन्होंने जवाब दिया इस अवसर पर राजकुमार दुबे अभिलाष मिश्रा फरजाना खान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र कान्हीवाड़ा के उपयंत्री गोपाल सिंह उइके की मनमानी कार्यशैली आजकल कान्हीवाड़ा और उसके आसपास के ग्रामों के रहवासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है क्योंकि उपयंत्री साहब आसमान में थोड़े से बादल दिख जाएं या हलकी सी तेज हवा चल जाए

तो वह तत्काल विद्युत का प्रवाह अवरूध्द करने से अपने आपको रोक नही पाते और दुर्भाग्य से कंही तेज हवा पानी आ जाये तो छह से आठ घण्टे के लिए उमस भरी गर्मी से तरबतर व अंधकारमय वातावरण में समय बिताने के लिए लोंगो को मजबूर कर देते हैं। बिजली सप्लाई बंद होने का कारण अगर इनसे पूछा जाए तो हर बार इनका और इनके मातहत कर्मचारियों का रटा रटाया जवाब होता है कि सिवनी से सप्लाई बंद है हम क्या कर सकते हैं। कभी कभार अगर तेज आँधी तूफान या तेज बरसात हो तो विद्युत सप्लाई अवरूद्ध होने की बात ठीक भी लगती है

लेकिन जब कभी भी अनायास बिना किसी आवश्यक कारण के लंबे लंबे समय तक मनमाने तरीके से ऐसा किया जाना कंहाँ तक उचित है। कान्हीवाड़ा व उसके आसपास के क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभागिय उच्चाधिकारियों से उपयंत्री गोपालसिंह उइके की मनमानी कार्यप्रणाली में सकारात्मक सुधार लाने की आपेक्षा की है अन्यथा इन्हें यहां से तत्काल हटाये जाने की मांग की है।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध



## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 21 लोगों के काटे चालान..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसडीओपी सचिन परते के निर्देशन एवं थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बारापत्थर स्थित नटराज पैलेस के बाजू में संचालित शराब दुकान के बाहर सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर जांच कर 21 व्यक्तियों के चालान बनाए और उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन नहीं करने की हिदायत दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना कानून का उल्लंघन है तथा इससे शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करें और शहर में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# कांग्रेस पार्टी में हमेशा महिलाओं को मान सम्मान एवं नेतृत्व का अधिकार प्राप्त हुआ है - नरेश..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में बडी संख्या में उपस्थित महिला कांग्रेस के सदस्यों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने***



के लिए महिला कांग्रेस की सिवनी जिले की संगठन प्रभारी की विशेष उपस्थिति जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला महिला कांग्रेस संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने बैठक को सम्बोधित किया, उन्होंने कहा कि सिवनी जिले में कांग्रेस पार्टी की मातृशक्ति संगठन को मजबूत बनाने हेतु हम सब को संगठित प्रयास करने होंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच है कि देश में मात्र संगठन मजबूत हो इसके लिए हमें सतत प्रयास करना होगा।

छिन्दवाड़ा से सिवनी पंहुची महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी श्रीमती किरण चौधरी ने बैठक में उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोगो को जिले में मजबूत संगठन बनाने के लिए प्रणप्राण से जुट जाना है उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा महिलाओं को मानसम्मान एवं नेतृत्व का अधिकार प्राप्त हुआ है। बैठक में महिला कांग्रेस की उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने सुझाव प्रभारी के समक्ष रखें।

महिला कांग्रेस की इस बैठक में श्रीमती आशा सनोडिया, श्रीमती गीता ठाकुर, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती मनीषा पाल, श्रीमती कविता कहार, श्रीमती सुयोगिता सक्सेना, श्रीमती संगीता ठाकुर, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती निभा गेडाम, श्रीमती नीतिका सिंह बैस, श्रीमती किरण कौरेती, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती रेश्मा पुसाम, श्रीमती दुर्गेश उइके, श्रीमती शबनम खान, श्रीमती ज्ञानता बोरकर, श्रीमती रोशनी उइके, श्रीमती उर्मिला पटले, श्रीमती कुसमा बाई यादव, श्रीमती सकुन बाई, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती पूजा वासनिक सहित बडी संख्या में महिला कांग्रेस सदस्यों की उपस्थिति रही।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

4 शनिवार 27 जून 2026
जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पूरे नगर का विकास हम सबका दायित्व है कोई चीज बने तो ऐसी बने 50 साल देखना ना पड़े.. गौरव सिंह पारधी..

## नवीन सीएमओ आवास भवन का हुआ लोकार्पण प्रभारी अध्यक्ष सहित पार्षद और जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित







जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***बालाघाट जिले के कटंगी नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 वारासिवनी रोड कटंगी में 25 जून की श्याम मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नवीन निर्माण आवास का लोकार्पण किया गया जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटंगी क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी रहे***

क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी द्वारा अन्य जनप्रतिनिधि और पार्षद गणों की उपस्थिति में फीता काटकर अधिकारी और कर्मचारी आवास का लोकार्पण किया वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी द्वारा दोपहर में अपने नवीन आवास भवन में विधि विधान से परिवार सहित पूजा अर्चना की गई वहीं लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर विधायक गौरव पारधी के साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मेष देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भोजराज देशमुख, पूर्व मंडी अध्यक्ष भागेशवरी तुरकर, कटंगी नगर परिषद की प्रभारी अध्यक्ष धर्म कला देशमुख नगर परिषद कटंगी के पार्षद साथी गायत्री ठाकरे, सुनीता टेभरे, मितेश कुमरे, कपिल मेश्राम, मनीष चौकसे, महेद्र कटारिया, मनीषा यादव, संजय चौकसे, पार्षद प्रतिनिधि दागेद्र राऊत, अब्दुल रहमान खान, दीपक नागमोते सांसद प्रतिनिधि लुबदेशवर राहगडाले उपस्थित रहे इसके अलावा मनोनीत पार्षद प्रगति बिसेन, प्रीतम खटवानी, चंदन खरे, संजय बाधमारे उपस्थित रहे वहीं इनके अलावा अन्य जनप्रतिनिधि में अजहर खान, आबिद शेख ,डॉ प्रकाश देशमुख, राजकुमार राहगडाले , हितेश पटले, वरूण देशमुख उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी के अलावा नगर परिषद कटंगी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पूरी नगर का विकास हमारा दायित्व है.. गौरव सिंह पारधी..

सीएमओ क्वार्टर लोकार्पण समारोह में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटंगी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा 63 लख रुपए की लागत नगर परिषद कटंगी द्वारा यहां शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया गया है और शॉपिंग कांप्लेक्स के ऊपर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी के लिए आवास बनाए गए हैं जो बहुत खुशी की बात है

नगर के विकास पर विधायक ने कहा कि पूरे नगर का विकास हम सब का दायित्व है हम सबको मिलकर नगर के विकास की ओर आगे कदम बढ़ाने हैं ताकि शहर का अच्छा और सुंदर विकास हो सब्जी मंडी के विस्थापन के लिए उन्होंने कहा हम काम में लेट हो रहे हैं परंतु अब ज्यादा दिन बाकी नहीं है

पुराना प्रोग्राम हमें समझ में नहीं आया हम नए स्तर पर काम करना चाहते हैं हम काम ऐसा और मजबूत करना चाहते हैं की आने वाले 50 साल तक किए गए विकास कार्य और निर्माण कार्य को देखना ना पड़े कार्यक्रम के अंत में नगर परिषद की प्रभारी अध्यक्ष धर्म कला देशमुख ने कार्यक्रम में उपस्थित विधायक समस्त पार्षद और समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने वारासिवनी में खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की..




जगप्रेरणा वारासिवनी।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार को सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में विकासखंड के सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं***

एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल सहित सभी विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से हुई। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के अनमोल पोर्टल पर पंजीयन एवं चार एएनसी जांच की प्रगति का परीक्षण किया। ग्राम वाला, उमरवाड़ा, थानेगांव, सिंगोड़ी एवं मंगेझरी की एएनएम एवं सीएचओ से खराब प्रगति का कारण पूछा गया तथा तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर क्षेत्र वारासिवनी के वार्ड क्रमांक 5 एवं 14 की आशा कार्यकर्ताओं को भी चेतावनी दी गई कि उनके क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का प्रसव निजी अस्पतालों में होने पर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन, नियमित एएनसी जांच एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड के सभी पांच प्रसव केंद्रों का व्यवस्थित संचालन तथा प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना की राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कहा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मेंढकी, रामपायली एवं झालीवाड़ा सेक्टर में पोषण ट्रैकर एप पर बच्चों के पंजीयन, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई। नगर क्षेत्र वारासिवनी में अत्यंत खराब प्रगति पाए जाने पर संबंधित आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को शीघ्र भुगतान करने तथा स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के सभी कर्मचारियों को सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेतन का आहरण सार्थक एप की उपस्थिति के आधार पर ही किया जाएगा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में शालाओं में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं पाठ्यपुस्तकों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के गणितीय एवं बौद्धिक स्तर पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित जनशिक्षकों को तत्काल सुधार लाने की चेतावनी दी।

राजस्व विभाग की समीक्षा में फार्मर रजिस्ट्री में कम प्रगति वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में कृषि भूमि पर बने आवासीय भवनों से डायवर्सन शुल्क की वसूली नहीं होने पर वारासिवनी तहसीलदार को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उद्यानिकी फसलों को गिरदावरी में दर्ज कराने के लिए तहसीलदार एवं उद्यानिकी विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान अमानक खाद एवं बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध जांच कर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। ड्रिप, स्प्रिंकलर, सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने तथा पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किसानों को जागरूक करने एवं नियमों के अनुसार जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों को भी सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में क्षीरधारा योजना के अंतर्गत वारा, बुदबुदा एवं रमरमा क्षेत्र की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई। एफएमडी टीकाकरण का लक्ष्य समय पर पूरा करने तथा कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बालाघाट प्रदेश का सर्वाधिक पशुधन वाला जिला है, इसलिए यहां इन योजनाओं में उत्कृष्ट प्रगति दिखाई देनी चाहिए।

बैठक में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल स्थापित कराने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वारासिवनी क्षेत्र में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए।

इसके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को संबल योजना में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत सचिवों को जलकर, संपत्ति कर एवं अन्य स्थानीय करों की प्रभावी वसूली कर पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# शपथ ग्रहण समारोह मे नवनियुक्त जप पंचायत अध्यक्ष खुशबू बिसेन ने कहा अल्प समय में सबका साथ लेकर करूगी क्षेत्र का विकास..

## खैरलांजी मे सांसद भारती पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधायक गौरव सिंह पारधी सहित बडी हस्तिया हुयी शामिल










जगप्रेरणा वारासिवनी।

जनपद पंचायत खैरलांजी परिसर में नवनिर्वाचित कार्यवाहक जनपद अध्यक्ष श्रीमती खुशबू गिरीश बिसेन का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

सांसद भारती पारधी ने खुशबू बिसेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी एवं अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार एवं प्रकाश उके, खैरलांजी सरपंच ज्योति नगपुरे, खैरलांजी जनपद के सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र देशमुख,पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश बनोटे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गिरीश बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला एवं ज्ञानेश रहांगडाले, जिला संयोजक आईटी विभाग पलाश बिसेन, मानसिंह बहेटवार, जनपद सदस्य द्रोन डोहरे, सभापति ललित ठाकुर, जनपद सदस्य दिनेश दमाहे, निरंजन बिसेन, डिलेश बिसेन, शैलेश सेट्टी, सरपंच नरेन्द्र ठकरेले सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### कैसे बदला चुनावी गणित और मिली जीत..

ज्ञात हो कि कार्यवाहक अध्यक्ष का चुनाव पूर्व जनपद अध्यक्ष आशु गुणीराम बघेले के निर्वाचन निरस्त होने के बाद कराया गया। न्यायालय ने महाराष्ट्र के जाति प्रमाण-पत्र से जुड़े मामले में उन्हें जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष पद के लिए अयोग्य घोषित करते हुए दोनों निर्वाचन शून्य कर दिए थे। जनपद पंचायत में कुल 24 सदस्य हैं, लेकिन एक सदस्य का निर्वाचन भी न्यायालय द्वारा निरस्त होने से 23 सदस्यों ने मतदान किया। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार कांग्रेस समर्थित लगभग 15 और भाजपा समर्थित 8 सदस्य माने जा रहे थे, जिससे कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। लेकिन मतदान परिणाम ने सभी को चैंका दिया। भाजपा समर्थित खुशबू बिसेन को 14 मत मिले, जबकि कांग्रेस समर्थित रीतू सुलाखिया को केवल 8 मत प्राप्त हुए। परिणाम ने कांग्रेस खेमे में हुई क्रॉस वोटिंग की चर्चाओं को भी हवा दे दी।

### खुशबू बिसेन अकेली अध्यक्ष नहीं, आप सभी अध्यक्ष हैं..

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद अध्यक्ष का दायित्व केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे जनपद के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खुशबू बिसेन अकेली अध्यक्ष नहीं हैं, बल्कि जनपद के सभी सदस्य इस जिम्मेदारी में बराबर के भागीदार हैं। यदि जनपद में अच्छे कार्य होंगे तो उसका श्रेय सभी को मिलेगा और यदि कहीं कमी रह जाएगी तो उसकी जिम्मेदारी भी सभी पर समान रूप से आएगी। उन्होंने सभी जनपद सदस्यों और सरपंचों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनपद अध्यक्ष के साथ एक अनुभवी उपाध्यक्ष भी मौजूद हैं, जिनके अनुभव का लाभ पूरे जनपद को मिलेगा। केंद्र और प्रदेश दोनों स्थानों पर सरकार होने का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक तभी पहुंचेगा जब जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत ईमानदारी और समन्वय के साथ कार्य करेंगी।

### विकास कार्यों के लिए पंचायतों को सीधे मिलेगी राशि..

पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए सीधे आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत की परिसंपत्तियों से प्राप्त होने वाला राजस्व भी विकास कार्यों में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद स्तर पर नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किए जाएं, जिससे ग्रामीणों की समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने आएं तथा उनका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सभी जनप्रतिनिधियों का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

### सरपंच अगर जनपद सदस्यों का साथ नहीं देंगे तो आगे चलकर परेशानी होगी..

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गिरीश बिसेन ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जनपद अध्यक्ष पद रिक्त हुआ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत खुशबू बिसेन को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने जनपद सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और विश्वास से यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने साथ दिया उनका भी सम्मान है और जिन्होंने साथ नहीं दिया उनके प्रति भी कोई दुर्भावना नहीं है। अब सभी को भेदभाव छोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत के पास सीमित संसाधन होते हैं, इसलिए सांसद, विधायक और सरकार के सहयोग से अधिक से अधिक विकास कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सरपंचों से अपील करते हुए कहा कि वे जनपद सदस्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें और समय पर विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरपंच, जनपद सदस्यों का सहयोग नहीं करेंगे तो भविष्य में उन्हें प्रशासनिक और विकास कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करूंगा..

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि खैरलांजी जनपद दो विधानसभा क्षेत्रों में फैला हुआ है, इसलिए विकास कार्यों के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनपद अध्यक्ष खुशबू बिसेन, जनपद सीईओ, जनपद सदस्यों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और उनकी ओर से किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### सभी के सहयोग से अल्प समय में विकास को दूंगी नई गति..

नवनिर्वाचित कार्यवाहक जनपद अध्यक्ष खुशबू बिसेन ने कहा कि उन्हें कार्य करने के लिए सीमित समय मिला है, लेकिन वह इस अवधि का पूरा सदुपयोग करते हुए जनपद क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सदस्यों, सरपंचों, वरिष्ठ नेताओं और जनता के सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# सीतापठोर और सुकली के 09 किसानों ने सुपर सीडर मशीन से डीएसआर पद्धति से की 45 एकड़ में धान की बोनी..

## नई तकनीक अपनाकर लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में किसानों का कदम








जगप्रेरणा कटंगी।

***बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकली के ग्राम सीतापठोर एवं सुकली में किसानों द्वारा धान की खेती में आधुनिक डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक को तेजी से अपनाया जा रहा है।***

कृषि विभाग के मार्गदर्शन में अब तक 09 प्रगतिशील किसानों ने सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

कृषि विस्तार अधिकारी श्री विशेष बागड़े के मार्गदर्शन में ग्राम सीतापठोर के उन्नत कृषक श्री राकेश सूर्यवंशी ने विभागीय धान किस्म जेआर-21 की 10 एकड़ में सुपर सीडर मशीन से डीएसआर पद्धति द्वारा बुवाई की। इस तकनीक का उद्देश्य खेती की लागत कम करना, पानी की बचत करना तथा उत्पादन में वृद्धि करना है।

श्री सूर्यवंशी ने अपने खेत पर अन्य किसानों को भी डीएसआर तकनीक के लाभों की जानकारी दी। इससे प्रेरित होकर श्री वेंकट/हरिकिशन चौधरी ने 10 एकड़, श्री प्रवीण सिंगारे ने 2 एकड़ तथा राहंगडाले परिवार ने भी अपने खेतों में डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई की तैयारी की है।

इसी क्रम में कृषि विस्तार अधिकारी श्री विशेष बागड़े के मार्गदर्शन में श्री वैभव पालिवाल ने 5 एकड़, श्री मुन्नालाल जैसवाल ने 5 एकड़, श्री तुकाराम राहंगडाले ने 4 एकड़, श्री आत्माराम सोनी ने 5 एकड़, श्री मुरलीधर सोनगड़े ने 2 एकड़ तथा श्री नरेंद्र जैतवार ने 2 एकड़ क्षेत्र में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर तकनीक अपनाकर धान की बुवाई की है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेत पर ही डीएसआर तकनीक के व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी जा रही है। इस तकनीक से बीज एवं श्रम लागत में कमी, सिंचाई जल की बचत, समय पर बुवाई तथा बेहतर उत्पादन की संभावना बढ़ती है। किसानों की बढ़ती रुचि को देखते हुए क्षेत्र के अन्य कृषक भी डीएसआर पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विभाग ने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की अपील की है।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिमला में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरने से पिकअप सवार सभी 6 लोगों की मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के तहत तकलेच चौकी क्षेत्र में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां उरमण नामक स्थान पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।***



हादसा इतना भयावह था कि वाहन में सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त पिकअप में कुल 6 लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे तथा शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की गई।

## पिकअप सवार सभी लोगों की हुई मौत..

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को शिमला के रामपुर सब-डिविजन में उरमन के पास एक पिकअप गाड़ी खाई में गिर गई। खाई में गाड़ी गिरने से उसमें सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक यह गाड़ी (एक दूध ढोने वाली वैन) रामपुर से टकलेच जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। टकलेच, रामपुर से 30-35 किलोमीटर ऊपर की ओर बसा एक गांव है। मरने वालों में कुल्लू जिले के अन्नी के रहने वाले आशा कुमारी और उनके बेटे युगल शामिल थे। उनकी उम्र का पता नहीं चल पाया है।

## हादसे का वीडियो भी आया सामने..

पुलिस ने बताया कि बाकी मृतकों की पहचान अभिषेक सनी (23), लायक राम (56), नितिन (23) और ड्राइवर अशोक जेन (23) के तौर पर हुई है। ये सभी रामपुर के अलग-अलग गांवों के रहने वाले थे। पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने खाई से शवों को निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू हो गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

इस दर्दनाक हादसे से रामपुर और आनी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय प्रशासन मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने में जुटा हुआ है।

## चालक की लापरवाही से हुआ हादसा..

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना में वाहन में वाहन चालक सहित सवार सभी 6 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सभी शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) टैकलेच पहुंचाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला वाहन चालक की लापरवाही से संबंधित प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा संबंधित कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच जारी है। जिला पुलिस शिमला इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी व्यक्तियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

# लिव-इन रिलेशनशिप का खौफनाक अंत: सूरत में मनीषा ने पार्टनर को चाकू घोंपकर मार डाला; राजकोट में फंदे से लटकी मिलीं AAP नेता..

डेस्क जगप्रेरणा।

***गुजरात के सूरत में लिव इन रिश्ते का खौफनाक अंत हो गया। घरेलू कलह, बेरोजगारी, और रोज के झगड़े से परेशान एक महिला ने अपने ही पार्टनर को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया।***




शुरुआत में मामला सामान्य मौत या हादसे जैसा लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का पर्दाफाश हो गया।

## क्या है पूरा मामला?

सूरत डीसीपी ने बताया कि इच्छापोर इलाके में मंगलवार रात 8 बजे मृतक रामरतन यादव उर्फ राजू बेसुध अवस्था में मिला था। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। राजू पिछले 8 वर्षों से मनीषा के साथ लिव इन रह रहा था। दोनों पति पत्नी की तरह साथ रहते थे, हालांकि कानूनी रूप से दोनों का विवाह नहीं हुआ था। राजू के पास कोई स्थायी नौकरी नहीं थी, कभी रोजगार मिले कभी न मिले, जिसे घर में आर्थिक तंगी बनी रहती थी। इसी वजह से दोनों के बीच दोनों के बीच विवाद ओर मारपीट होती थी।

## आलू छीलने वाले चाकू से उतारा मौत के घाट..

घटना के दिन भी दोनों के बीच विवाद हुआ। राजू ने रोज की तरह मनीषा के साथ मारपीट और गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। खुद को बचाने के लिए मनीषा पीछे की ओर भागी, लेकिन राजू ने उसे पकड़ लिया ओर मारपीट करने लगा। उसी दौरान मनीषा के हाथ में आलू छिलने वाले चाकू आ गया।

गुस्सा, डर ओर रोज की परेशानी से तंग आकर राजू पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से वह जमीन पर गिर गया। घटना के बाद पड़ोसियों ने राजू को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा..

पुलिस ने पहले आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने मनीषा से गहन पूछताछ शुरू की। पहले तो मनीषा ने स्पष्ट जानकारी नहीं दी, लेकिन लगातार पूछताछ के दौरान वह टूट गई और पूरी घटना को स्वीकार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि रोज की मारपीट से तंग आ गई थी और खुद के बचाव के लिए उसने राजू को चाकू मारा था।

## फ्लैट में फंदे से लटकी मिलीं AAP नेता..

वहीं, राजकोट के जेतपुर में आम आदमी पार्टी (AAP) के टिकट पर स्थानीय निकाय चुनाव लड़ चुकी 23 वर्षीय एक महिला का शव किराये के फ्लैट में फंदे से लटका मिला। महिला के परिजन का आरोप है कि उसके लिव-इन पार्टनर ने उसकी हत्या की है। मृतका की पहचान नंदिनी बोसामिया के रूप में हुई है। 22 जून की शाम को गोंडल चौराहे के पास स्थित अपने फ्लैट में पंखे से उसका शव लटका हुआ मिला।

## शादीशुदा असलम के साथ रह रही थीं नंदिनी..

पुलिस के अनुसार, राजकोट जिले के जेतपुर की रहने वाली बोसामिया पिछले करीब एक साल से शादीशुदा असलम हुसैन समा नामक व्यक्ति के साथ रह रही थी।ध्छ्क्कबी जे चौधरी ने बताया कि शुरुआती जांच से संकेत मिला है कि महिला इस बात से परेशान थी कि समा अक्सर जूनागढ़ में अपनी पत्नी से मिलने जाता था। पुलिस ने बताया कि वह पिछले एक साल से असलम समा के साथ लिव-इन में रह रही थी। समा पहले से ही शादीशुदा था, इसलिए वह अक्सर अपनी पत्नी से मिलने जाता था, जिससे बोसामिया परेशान रहती थी। वह इससे काफी आहत थी और ऐसा लगता है कि इसी वजह से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

# मुंडका में सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में शुक्रवार को एक फैक्टरी में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कथित तौर पर जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में फैक्टरी मालिक, उसके सहयोगी और ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, दोपहर 12.03 बजे सूचना मिली कि मुंडका औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी के सेप्टिक टैंक के अंदर कुछ लोग फंसे हुए हैं जिसके बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया। वहां पहुंचने पर, पुलिस ने पाया कि मारवाह प्रिंटर्स ने मुंडका औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी परिसर के भीतर एक सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नांगलोई निवासी नीरज नामक एक ठेकेदार को ठेका दिया था। नीरज तीन अन्य मजदूरों के साथ, सफाई अभियान चला रहा था जब यह घटना घटी। मृतकों की पहचान सुल्तानपुरी निवासी अरुण (25), संदीप (32) और चांद (42) के रूप में की गई। पुलिस ने कहा कि तीनों लोग टैंक के अंदर जहरीली गैस की चपेट में आने के बाद बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया कि डीएफएस की टीम ने जब बेहोश लोगों को टैंक से निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए मंगोलपुरी के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया।

पुलिस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम और एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान फैक्टरी मालिक सूरज मारवाह (50), जयंत (61) और ठेकेदार नीरज (35) के तौर पर हुई है। इस घटना ने मृतकों के परिवारों को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। चांद की पत्नी ने रोते हुए कहा, मेरे बच्चे सुबह से मुझसे पूछ रहे हैं कि उनके पिता कहां गए हैं। उन्हें बताया गया था कि वह दुर्घटना का शिकार हो गए हैं, और वे तब से रो रहे हैं। मुझे नहीं पता कि अब मैं क्या करूं या हम कैसे जीवित रहेंगे। वह शायद ही कभी काम पर जाते थे, लेकिन आज उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ कर्ज चुकाने के लिए पैसों की जरूरत है, इसलिए काम पर जाने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, 'बाद में, कोई उनका आधार कार्ड लेने आया था। मैं पूछती रही कि इसकी आवश्यकता क्यों है, और तभी उसने मुझे दुर्घटना के बारे में बताया। संदीप की मां ने बताया कि जब उन्हें यह खबर मिली तो परिवार उनकी आंखों के इलाज के लिए भिवानी जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो गई थी और इसके बाद से वह अपनी दो बेटियों, बीमार पिता और हमारी देखभाल करने वाला अकेला व्यक्ति था। मुझे नहीं पता कि हम अब कैसे जीवित रहेंगे या उसके पिता की देखभाल कौन करेगा।' अरुण के भाई नरेन्द्र ने आरोप लगाया कि फैक्टरी मालिक ने उसे और अन्य लोगों को सफाई के लिए टैंक में प्रवेश करने को कहा था। उन्होंने कहा, उसे पैसों की जरूरत थी, इसलिए वह राजी हो गया। वह केवल 25 वर्ष का था। मुझे नहीं पता कि इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। फैक्टरी मालिक भी कसूरवार है। इस बीच दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे भाजपा सरकार, श्रम विभाग और फैक्ट्री प्रशासन की घोर लापरवाही बताया। उन्होंने एक बयान में सरकार से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने साथ में मृतकों के परिजनों के लिए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवज़े की भी मांग की।

# चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, मौके पर हुई मौत, सवारियों ने अपनी सूझबूझ से बचाई जान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अलीगढ़ के गोरई थाना क्षेत्र में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां चलती बस में चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। चालक की हालत बिगड़ते देख बस में सवार यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया।***



यात्रियों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन अनियंत्रित होने के कारण बस अंततः एक बिजली के पोल और गाय से जा टकराई। हालांकि इसमें किसी भी यात्री को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

## बिजली के पोल और गाय से टकराई बस..

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना मथुरा डिपो की बस के साथ हुई, जो यात्रियों को लेकर अलीगढ़ की ओर जा रही थी। गोरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव 'नया बांस' के पास अचानक चालक को तेज हार्ट अटैक आया, जिसके कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चालक के बेहोश होते ही बस पूरी तरह अनियंत्रित हो गई और रास्ते में एक बिजली के पोल तथा गाय से टकराकर रुकी।

## यात्रियों की सूझबूझ ने टाला बड़ा हादसा..

इस बेहद संवेदनशील और मुश्किल घड़ी में बस में बैठे यात्रियों की सतर्कता ने एक बेहद भीषण हादसे को होने से रोक लिया। जब कुछ यात्रियों ने देखा कि बस का चालक अपनी सीट पर अचेत होकर लटका हुआ है,

तो उन्होंने बिना वक्त गंवाए स्थिति की गंभीरता को समझा। यात्रियों ने तुरंत आगे बढ़कर बस को संभालने की कोशिश की। उनकी इसी त्वरित जागरूकता और बहादुरी की वजह से बस में सवार सभी यात्रियों की जान सुरक्षित रही और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में चालक को नहीं बचाया जा सका।

## पुलिस प्रशासन की कार्रवाई और स्थानीय लोगों की मदद..

घटना की सूचना मिलते ही गोरई थाना पुलिस और स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। अलीगढ़ पुलिस ने इस पूरे मामले पर कहा कि बस के बेकाबू होकर पेड़ से टकराने की खबर मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर जांच की।

बस ड्राइवर की तबीयत खराब होने की वजह से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत हो गई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अहमदाबाद के आभूषण दुकान में लूट का आरोपी वायुसैनिक गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद में दो साल पहले आभूषण की दुकान पर हुई लूट के मामले में वायुसेना के एक कार्पोरेल को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस लूट का खुलासा सेवानिवृत्त अधिकारी के जामनगर स्थित आवास से चोरी गई सरकारी रिवाल्वर की मदद से किया गया।***

मामले में आरोपी वायुसेना के कॉर्पोरल दीपक भुकर (31) को दिल्ली से गिरफ़्तार किया गया। यह गिरफ़्तारी तब हुई जब एक जांच के दौरान जामनगर में हुई चोरी की कड़ी जुलाई 2024 में अहमदाबाद के आभूषण दुकान से करीब डेढ़ करोड़ की लूट से जुड़ी क्योंकि दुकान मालिक के घुटने में गोली मारी गई थी। डीसीपी (जोन-3) रूपल सोलंकी ने बताया कि यहां की एक अदालत ने शुक्रवार को भुकर को आठ दिन की पुलिस हिरासत पर भेज दिया।

उन्होंने बताया कि हथियारबंद आरोपी 16 जुलाई 2024 की दोपहर अहमदाबाद के माणिकचौक इलाके में आभूषण की एक दुकान में दाखिल हुआ और 1.51 करोड़ रुपये की कीमत के आभूषण लूट लिये, साथ ही, दुकान के मालिक के घुटने में गोली मारकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लूट के समय अपना चेहरा ढका हुआ था और लाल टोपी पहनी थी।

उसने बताया कि आरोपी तुरंत अहमदाबाद से भाग गया और दो साल तक गिरफ्तारी से बचता रहा। उसे दिल्ली में वायुसेना के तैनाती स्थल से गिरफ्तार किया गया। सोलंकी ने बताया कि उन्हें हाल ही में एक जानकारी मिली थी कि जामनगर के एक घर से चोरी गई सरकारी रिवॉल्वर का इस्तेमाल अहमदाबाद में हुई लूट में किया गया था, और इस जानकारी ने जांच की दिशा बदल दी। उन्होंने बताया कि इस जानकारी के आधार पर स्थानीय अपराध शाखा और खाडिया पुलिस अधिकारियों समेत अलग-अलग टीमें बनाई गईं और उन्होंने जामनगर की घटना से जुड़ी ज़रूरी जानकारी बारीकी से जुटाई। सोलंकी ने बताया, 'आगे की जांच से ज्ञात हुआ कि लूट में जामनगर में वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के घर से चोरी रिवॉल्वर का इस्तेमाल किया गया था।

घर में चोरी का मामला भी तब तक सुलझा नहीं था। दोनों अपराधों के सीसीटीवी फुटेज की जांच से आरोपी की पहचान हो गई।' उन्होंने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि दोनों अपराधों में शामिल संदिग्ध व्यक्ति घटनाओं के समय जामनगर वायुसेना केंद्र में तैनात था और अभी दिल्ली में वायुसेना में कॉर्पोरल के तौर पर काम कर रहा है। सोलंकी ने बताया कि अहमदाबाद की एक पुलिस टीम ने तलाशी के बाद दिल्ली से आरोपी को पकड़ा। उन्होंने कहा, 'अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार और कारतूस आरोपी की बैरक से बरामद किए गए, और इन्हें ज़ब्त करने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।'

अधिकारी ने बताया कि आरोपी प्रौद्योगिकी का अच्छा जानकार है और उसने होटल में रहने के लिए नकली आधार कार्ड और मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया, साथ ही उंगलियों के निशान न छूटें, इसके लिए अपनी उंगलियों पर टेप लपेट लिया था। उन्होंने कहा कि वायुसेना में कार्यरत रहने के कारण वह हथियारों की तकनीकी जानकारी रखता है और आग्नेयास्त्रों को चलाने में माहिर है। सोलंकी ने बताया, 'अपराध को अंजाम देने के बाद, वह रास्ते में छह-सात ऑटो-रिक्शा और अपने कपड़े बदलकर घटनास्थल से भाग गया। उसे पहले जामनगर में शराबबंदी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।'

# जमीन के लिए हैवान बना बेटा, पिता को सड़क पर घसीटा, फिर ट्रैक्टर से कुचलकर उतारा मौत के घाट..



डेस्क जगप्रेरणा।

***जिले के खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा थाना क्षेत्र स्थित ढोसी गांव में जमीन विवाद ने एक परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। तीन साल से चल रहे विवाद ने गुरुवार रात खूनी रूप ले लिया, जब एक बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने पहले पिता के साथ मारपीट की,***

उन्हें घसीटते हुए सड़क तक ले गया और फिर ट्रैक्टर से टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के दामाद की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## जमीनी विवाद को लेकर की मारपीट..

मृतक के दामाद राकेश कुमार निवासी बाढड़ा ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि ढोसी निवासी 65 वर्षीय महावीर प्रसाद गुरुवार रात घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी रिश्तेदारी में घरड़ाना गई हुई थीं। रात करीब 10:30 बजे महावीर प्रसाद गांव की धर्मशाला के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका बेटा शमशेर सिंह (38) वहां पहुंचा और जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी।

## घसीटते हुए सड़क पर लाया..

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आसपास मौजूद लोगों ने पिता-पुत्र के बीच झगड़ा छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। वह अपने पिता को पीटते हुए सड़क तक घसीटकर ले आया।

## ट्रैक्टर से मारी टक्कर..

मारपीट के बाद आरोपी ने मौके पर खड़े अपने ट्रैक्टर से पिता को जान से मारने की नीयत से जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप

से घायल महावीर प्रसाद को तुरंत खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पिता से अलग रहता था बेटा..

मेहाड़ा थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिता और बेटे के बीच पिछले करीब तीन वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बेटा अलग रह रहा था। कई बार रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन विवाद खत्म नहीं

## आरोपी को पुलिस ने पकड़ा..

घटना की सूचना मिलते ही मेहाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपी शमशेर सिंह को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव का खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस हत्या के विभिन्न पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# मुनिता प्रजापति ने हाफ मैराथन का स्वर्ण पदक जीता, एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन हासिल करने से चूकीं...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश की अनुभवी धावक मुनिता प्रजापति ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन भीषण गर्मी और उमस के बीच महिलाओं की हाफ मैराथन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता लेकिन वह एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन स्तर हासिल नहीं कर पाईं।***



चौबीस साल की मुनिता ने 21.09 किमी की दूरी एक घंटा 45 मिनट पांच सेकेंड में पूरी की लेकिन वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा तय किए गए एशियाई खेलों के एक घंटे 37 मिनट 20 सेकेंड के क्वालीफाइंग स्तर से काफी पीछे रहीं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 39 मिनट 26 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल फरवरी में चंडीगढ़ में हुई भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहते हुए हासिल किया था।

उत्तर प्रदेश की ही रेशमा पटेल ने एक घंटा 45 मिनट 48 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जबकि महाराष्ट्र की सेजल अनिल सिंह (एक घंटा 46 मिनट 31 सेकेंड) तीसरे स्थान पर रहीं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चुनी गई हरियाणा की रवीना एक घंटा 48 मिनट 56 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। एएफआई द्वारा तय किया गया एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग समय असल में उस राष्ट्रीय रिकॉर्ड (एक घंटा 39 मिनट 15 सेकेंड) से भी मुश्किल है जिसे रवीना ने फरवरी में चंडीगढ़ में भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप जीतने के दौरान हासिल किया था।

मुनिता ने कहा, 'इस मौसम में क्वालीफाइंग समय हासिल करना मुमकिन नहीं है। यहां बहुत उमस और गर्मी है। ऐसा लग रहा था जैसे मेरी त्वचा जल रही हो। मुझे हर लैप के बाद खुद को पानी से भिगोना पड़ रहा था जिससे मेरा शरीर अकड़ जाता था लेकिन मैंने कोशिश की। सड़क ठीक है लेकिन थोड़ी ऊबड़-खाबड़ है। हम बेंगलुरु (साइ केंद्र) में भी इसी तरह की सड़क पर ट्रेनिंग करते हैं।' स्पर्धा की शुरुआत के समय सुबह साढ़े पांच बजे भुवनेश्वर में तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस था और बादल छाए होने के बावजूद उमस 90 प्रतिशत से अधिक थी।

उम्मीद है कि एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाले जापान में भी 19 सितंबर से शुरू होने वाली प्रतियोगिता के दौरान काफी गर्मी और उमस होगी। मुनिता को उम्मीद है कि एएफआई की चयन समिति एशियाई खेलों की टीम चुनते समय यहां के हालात पर भी विचार करेगी। उन्होंने कहा, 'मैंने फरवरी में (भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप में) एक घंटा 39 मिनट 26 सेकेंड का समय भी निकाला है। मुझे उम्मीद है कि उस प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाएगा।' मुनिता विदेशी कोच रोनाल्ड वेइगेल, गुरमीत सिंह और प्रीति चौधरी की देखरेख में ट्रेनिंग करती हैं।

# कृषी थापांडा के घर से मिली दोस्त की लाश

# आत्महत्या करने से पहले एक्ट्रेस को किया था फोन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कन्नड़ एक्ट्रेस, मॉडल और 'बिग बॉस कन्नड़' की एक्स कंटेस्टेंट कृषि थापांडा के बेंगलुरु स्थित घर पर 33 साल के एक बिजनेसमैन की लाश मिली, जो उनके दोस्त थे। ANI के अनुसार मृतक की पहचान वैशाक उपाध्याय के तौर पर हुई है।***



घटना से पहले वैशाक ने एक्ट्रेस से बात करने की कोशिश की थी और कुछ हैरान करने वाले ऐसे मैसेज भेजे थे, जिनसे पता चलता है कि वह अपनी जान देना चाहता था। यह घटना 24 जून की रात सामने आई, जब पुलिस को बेंगलुरु के ऋ नगर इलाके में कृषि के घर पर उसकी लाश मिली। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

## मौत से पहले कृषि थापांडा से बात करना चाहते थे वैशाक..

'द हिंदू' की एक रिपोर्ट के अनुसार वैशाक गिरीनगर का रहने वाला था और पिछले कुछ दिनों से ऋ नगर के एक अपार्टमेंट में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि घटना के समय वह कृषि थापांडा के अपार्टमेंट में अकेला था। मौके से अब तक कोई सुसाइड नोट या वीडियो मैसेज नहीं मिला है। रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार घटना से कुछ समय पहले वैशाक ने कृषि से संपर्क करने की कोशिश की थी। हालांकि, बताया जा रहा है कि उस समय वह नेलमंगला में थीं और उनकी कॉल का जवाब नहीं दे पाईं। बाद में कथित तौर पर उन्होंने ऐसे मैसेज भेजे, जिनसे संकेत मिला कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं।

## कृषि थापांडा के घर पर मिला वैशाक उपाध्याय का शव..

मैसेज देखने के बाद कृषि ने वैशाक के परिवार वालों को स्थिति के बारे में बताया। उनके रिश्तेदार तुरंत अपार्टमेंट पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही वैशाक मृत पाए गए। घटना के बाद वैशाक के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मामले से जुड़ी सही परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। वहीं, कृषि थापांडा ने इस घटना के बारे में अभी तक कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है।

## वैशाक उपाध्याय पर लगाए गए थे गंभीर आरोप..

इस साल की शुरुआत में उस बिजनेसमैन को कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। उसे जबरन वसूली और धमकी देने के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह मामला बिजनेसमैन अरविंद रेड्डी की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिन्हें कूरियर सर्विस के जरिए एक धमकी भरा लेटर मिला था। इसमें कई करोड़ रुपये की मांग की गई थी और गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और वैशाक को गिरफ्तार कर लिया।

## कृषि थापांडा कौन हैं?

कृषि ने 2016 की कन्नड़ फिल्म 'अकीरा' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और बाद में 'एराडु कनासु' और 'कन्नडाक्कागी ओन्डान्नू ओट्टी' जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने किच्चा सुदीप द्वारा होस्ट किए गए बिग बॉस कन्नड़ सीजन 5 में भी हिस्सा लिया था।

हाल ही में उन्हें 2025 की फिल्म 'गाना' में प्रज्वल देवराज, वेदिका कुमार और यशा शिवकुमार के साथ देखा गया था।

# किस क्रिकेटर को मिले टीम में मौका, एआई देगा एमपीसीए के चयनकर्ताओं को सुझाव..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) वित्तीय प्रबंधन से लेकर खिलाड़ियों के चयन जैसी प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से क्रिकेट प्रशासन का अपनी तरह का पहला मॉडल लागू करने की तैयारी कर रहा है। एमपीसीए के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल के तहत एआई, खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ताओं को सुझाव देगा जिससे चयन संबंधी फैसलों की पारदर्शिता बढ़ेगी।***

एमपीसीए के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि इस मॉडल का उद्देश्य क्रिकेट संगठन की निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और डेटा आधारित बनाना है। सिंधिया ने कहा, 'हम चाहते हैं कि खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया में किसी भी तरह की संभावित पक्षपातपूर्ण स्थिति समाप्त हो। एआई खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम में उनके चयन की सिफारिश करेगा, जबकि अंतिम निर्णय चयनकर्ता लेंगे।' एमपीसीए अध्यक्ष के अनुसार एआई से लैस प्रणाली खिलाड़ियों के रन, विकेट और अन्य प्रदर्शन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करके चयनकर्ताओं को सुझाव देगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी खिलाड़ी का चयन या गैर-चयन आंकड़ों से अलग आधार पर किया जाता है, तो चयनकर्ताओं को इसके कारण दर्ज करने होंगे जिससे पूरी प्रक्रिया की जवाबदेही बढ़ेगी।

एमपीसीए अध्यक्ष ने कहा कि एआई का उपयोग खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया भर तक सीमित नहीं रहेगा। सिंधिया ने बताया कि जिला और संभागीय क्रिकेट इकाइयों को दिए जाने वाले अनुदानों की आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों की जांच, खर्च की निगरानी और वित्तीय प्रबंधन भी इसी तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एआई प्रणाली को टी20 क्रिकेट की मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) में परखा गया है और इसे सितंबर से शुरू होने वाले अगले क्रिकेट सत्र से पहले जिला और संभागीय इकाइयों के लिए उपलब्ध कराने की योजना है। सिंधिया ने दावा किया कि खेल प्रशासन में इस स्तर पर एआई आधारित व्यवस्था अपनाने वाला एमपीसीए दुनिया का पहला क्रिकेट संगठन हो सकता है। इस परियोजना के लिए एमपीसीए ने एआई स्टार्ट-अप 'इमर्जेंट' से हाथ मिलाया है। 'इमर्जेंट' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुकुंद ने कहा कि पिछले छह महीनों से उनका स्टार्ट-अप एमपीसीए के प्रशासन की विभिन्न प्रक्रियाओं को एकीकृत डिजिटल मंच पर लाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारी साझेदारी का उद्देश्य खेल प्रशासन की पूरी प्रक्रिया को 'डिजिटाइज' करना है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। हम इस एआई प्रणाली को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहते हैं।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# खुशबू सुंदर की बेटी अवंतिका की गोवा में ग्रैंड वेडिंग, अनिल-जैकी से लेकर नागार्जुन-चिरंजीवी तक, फिल्मी सितारों का लगा मजमा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर और फिल्ममेकर सुंदर सी की बड़ी बेटी अवंतिका सुंदर, मर्चेंट नेवी ऑफिसर श्रवण श्रीनिवासन के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं।***



गोवा के एक खूबसूरत रिसॉर्ट में दोनों ने बेहद भव्य तरीके से सात फेरे लिए। शुरुआती चर्चाओं में कहा जा रहा था कि यह शादी बेहद निजी और छोटी होगी, जिसमें सिर्फ परिवार के लोग शामिल होंगे, लेकिन जब असल में यह जश्न शुरू हुआ तो यह साल की सबसे बड़ी और शानदार शादियों में से एक साबित हुई। इस शादी में साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए हैं। सभी ट्रेडिशनल साउथ इंडियन अटायर में नजर आए।

## साउथ से लेकर बॉलीवुड तक, सितारों का लगा महा-जमावड़ा..

अवंतिका और श्रवण की इस स्टार-स्टडेड वेडिंग में तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा की तमाम दिग्गज हस्तियां एक छत के नीचे नजर आईं। मेहमानों की इस वीआईपी लिस्ट में चिरंजीवी, नागार्जुन अक्किनेनी, वेंकटेश, अमला अक्किनेनी और तृषा कृष्णन जैसे साउथ के सुपरस्टार्स शामिल थे। वहीं बॉलीवुड की तरफसे एवरग्रीन एक्टर अनिल कपूर और जैकी श्रॉफने इस महफिल की रौनक दोगुनी कर दी। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में तृषा कृष्णन को पहली लाइन में बैठकर चिरंजीवी और उनकी पत्नी के साथ काफी देर तक खुशनुमा बातचीत करते देखा गया। हालांकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय इस मुख्य समारोह में शामिल नहीं हो सके, जबकि खुशबू सुंदर खुद उन्हें कार्ड देने घर पहुंची थीं। जाहिर है कि उनकी ओर से तृषा मौजूद थी और वो अपनी राजनीतिक व्यस्तता के चलते इस शादी का हिस्सा नहीं बने।

## जब साउथ इंडियन रंग में रंगे 'राम-लखन'..

इस शादी की सबसे दिलचस्प और वायरल होने वाली बात रही बॉलीवुड के 'राम-लखन' यानी अनिल कपूर और जैकी श्रॉफका पहनावा। दोनों स्टार्स ने महफिल के मिजाज को भांपते हुए पूरी तरह से पारंपरिक साउथ इंडियन लुक अपनाया था। जैकी और अनिल को शादी में वेष्टि और मुंडू पहने मेहमानों के साथ घुलते-मिलते देखा गया। शादी के लिए बेज और गोल्ड कलर का थीम रखा गया था, जिसके चलते ज्यादातर मेहमान इसी कलर कोड में दिखे। हालांकि अनिल कपूर ऑल-व्हाइट लुक में सबसे जुदा लग रहे थे तो वहीं नागार्जुन ने टील कलर के एथनिक कपड़ों में रंग जमाया।

## पीएम मोदी और सीएम विजय को खुद दिया था न्योता..

इस शादी के लिए खुशबू सुंदर और उनके परिवार ने तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पिछले महीने खुशबू और सुंदर सी खास तौर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शादी का व्यक्तिगत निमंत्रण देने नई दिल्ली गए थे, जिसकी तस्वीरें भी उन्होंने साझा की थीं। इसके अलावा इसी महीने की शुरुआत में खुशबू मुख्यमंत्री विजय के घर भी आमंत्रण पत्र देने पहुंची थीं, जिन्हें वो अपना छोटा भाई मानती हैं।


## प्यार के बाद बेटी ने लिया शादी का फैसला..

खुशबू सुंदर ने अपनी बेटी अवंतिका के इस रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि अवंतिका और श्रवण का यह रिश्ता लव और अरेंज्ड मैरिज का एक बेहद खूबसूरत मेल है, जिसमें दोनों बच्चों की पसंद के साथ-साथ दोनों परिवारों की पूरी रजामंदी शामिल है। चेन्नई के रहने वाले श्रवण श्रीनिवासन मर्चेंट नेवी में एक ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। फिलहाल गोवा से आ रही इस शादी की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहे हैं।

# खतरों के खिलाड़ी 15 की प्रीमियर डेट का ऐलान, शुरू होगा डर का नया दौर, धमाकेदार प्रोमो में दिखी झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***स्टंट आधारित टीवी का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' अपने 15वें सीजन के साथ छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है।***




मेकर्स ने शो के फैंस का इंतजार खत्म करते हुए इसके प्रीमियर की तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। रोहित शेट्टी की मेजबानी वाले इस शो में इस बार भी टीवी और सोशल मीडिया जगत के कई नामी सितारे अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक स्टंट करते नजर आएंगे। इस नए सीजन की शूटिंग हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खूबसूरत शहर केपटाउन में पूरी हुई है, जहां पूरी टीम ने कई रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस फिल्माए हैं।

## कब और कहां देख सकेंगे 'खतरों के खिलाड़ी 15'?

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर शो का एक धमाकेदार प्रोमो जारी किया है, जिसने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का प्रीमियर 25 जुलाई 2026 को कलर्स टीवी पर होने जा रहा है। इस शो को हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा जो दर्शक इसे ऑनलाइन देखना चाहते हैं, वो इसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। शो के प्रतियोगी और टीवी एक्टर गौरव खन्ना ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, 'शुरू होने जा रहा है डर का नया दौर! बस एक महीना और। देखिए खतरों के खिलाड़ी 15, 25 जुलाई से हर शनिवार-रविवार रात 9 बजे, सिर्फ कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर।' इस बार शो का थीम डर का नया दौर रखा गया है। प्रोमो में कंटेस्टेंट्स को गगनचुंबी इमारतों के ऊपर टास्क करते, पिंजरों में कैद होते और सांप-बिच्छुओं जैसे खतरनाक जीवों का सामना करते हुए देखा जा सकता है।

## इस सीजन के कन्फर्म कंटेस्टेंट्स की लिस्ट..

इस साल 'खतरों के खिलाड़ी' के मंच पर नए चेहरों के साथ-साथ पुराने सीजन के कुछ बेहद लोकप्रिय कंटेस्टेंट्स भी वापसी कर रहे हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प होने वाला है। इस सीजन के कन्फर्म प्रतियोगियों में अनुपमा फेम गौरव खन्ना, अविनाश मिश्रा, फरहाना भट्ट, शगुन शर्मा, अविका गोर और ऑरी शामिल हैं। इनके अलावा स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, जसमीन भसीन, विशाल आदित्य सिंह, रुबीना दिलैक, करण वाही और ऋत्विक धनजानी भी अपने डर पर फतह पाने के लिए केपटाउन के मैदान में उतर चुके हैं।

## कौन था पिछले सीजन का विनर?

आपको याद दिला दें कि 'खतरों के खिलाड़ी 14' की चमचमाती ट्रॉफी करण वीर मेहरा ने अपने नाम की थी। उन्होंने ग्रैंड फिनाले में कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी जैसे मजबूत कंटेस्टेंट्स को मात देकर यह खिताब जीता था। खतरों से खेलने के बाद करण वीर मेहरा कलर्स टीवी के ही दूसरे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' का हिस्सा बने थे और अपनी सूझबूझ के दम पर उन्होंने बिग बॉस 18 की ट्रॉफी और 50 लाख रुपये की इनामी राशि भी अपने नाम की थी। अब देखना यह है कि सीजन 15 में करण वीर की तरह कौन सा खिलाड़ी रोहित शेट्टी के खतरनाक स्टंट्स को पार कर विजेता बनता है।

# सेरेना के सामने विम्बलडन के शुरुआती दौर में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट की चुनौती..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा।***



इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी। सेरेना की टेनिस में वापसी की शुरुआत दो युगल अभ्यास मुकाबलों से हुई थी, लेकिन रविवार को ऑल इंग्लैंड क्लब द्वारा उनके एकल खेलने की घोषणा के साथ उनकी वापसी को नई गति मिल गई।

सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला 2022 के यूएस ओपन में खेला था, जहां उन्हें तीसरे दौर में अजला टोमल्यानोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्होंने 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह टेनिस से दूर होकर अपने जीवन के नये चरण की ओर बढ़ रही हैं। साल 2023 में उनकी दूसरी बेटी का जन्म हुआ था। विम्बलडन में सेरेना पिछला मुकाबला 2022 में खेली थी। उन्हें तब पहले दौर में ही तत्कालीन विश्व नंबर 115 हार्मनी टैन ने पराजित किया था। पुरुष एकल वर्ग में मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक यानिक सिनर शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं, जबकि महिला वर्ग में एरीना सबालेंका को शीर्ष वरीयता मिली है। विम्बलडन की वरीयताएं एटीपी और डब्ल्यूटीए रैंकिंग के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब में सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को सातवीं वरीयता दी गई है। दो बार के चैंपियन

और पिछले साल के उपविजेता कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण इस वर्ष के टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। विम्बलडन का मुख्य मुकाबला सोमवार से शुरू होगा।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



# साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## सनातन संस्कार और संस्कृति को आहत करती राम मंदिर में दान संबंधी कथित अनियमितताएँ

भारत की सनातन संस्कृति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्य, ईमानदारी, त्याग, सेवा, उत्तरदायित्व और लोककल्याण जैसे उच्च मानवीय मूल्यों पर आधारित जीवन-दर्शन है। इसी कारण सनातन परंपरा के मंदिर और आश्रम सदैव केवल आस्था के केंद्र नहीं रहे, बल्कि समाज में नैतिकता, शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक चेतना के प्रेरणास्रोत भी रहे हैं।

ऐसे में यदि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर से जुड़े दान अथवा वित्तीय प्रबंधन में अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक या कानूनी विषय नहीं रह जाता, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं और सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा से भी जुड़ जाता है। वस्तुतः किसी भी धार्मिक संस्था पर वित्तीय अनियमितता का आरोप उसके अनुयायियों को स्वाभाविक रूप से व्यथित करता है।

अयोध्या का श्रीराम मंदिर सदियों के संघर्ष, असंख्य बलिदानों और करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता, मर्यादा, न्याय और आत्मसम्मान का भी प्रतीक माना जाता है। इसलिए जब मंदिर में प्राप्त दान, चढ़ावे अथवा अन्य संसाधनों के प्रबंधन में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार या गबन जैसी आशंकाएँ व्यक्त होती हैं, तो समाज में चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

सनातन परंपरा में दान को अत्यंत पवित्र माना गया है। शास्त्रों के अनुसार श्रद्धापूर्वक दिया गया दान धर्म, पुण्य और लोककल्याण का साधन बनता है। जब कोई श्रद्धालु मंदिर में दान करता है, तो वह किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि ईश्वर को समर्पित करता है। उसकी स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि उस धन का उपयोग मंदिर के संरक्षण, व्यवस्था, धार्मिक गतिविधियों, सेवा कार्यों और समाज हित में पूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इसलिए यदि उसके दुरुपयोग की आशंका भी उत्पन्न होती है, तो वह केवल आर्थिक अनियमितता नहीं, बल्कि श्रद्धा पर भी आघात होती है।

ऐसी घटनाओं का एक गंभीर दुष्परिणाम यह भी होता है कि समाज का एक वर्ग धार्मिक संस्थाओं की पारदर्शिता पर प्रश्न उठाने लगता है। दूसरी ओर, सनातन परंपरा के विरोधी तत्व कुछ व्यक्तियों की संभावित गलतियों को आधार बनाकर पूरे हिंदू समाज, उसकी धार्मिक संस्थाओं और सांस्कृतिक परंपरा को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल अनुचित है, बल्कि सामाजिक विश्वास को भी कमजोर करता है।

यह समझना आवश्यक है कि किसी संस्था में यदि कुछ व्यक्ति भ्रष्ट आचरण करते हैं, तो उसका दोष पूरे धर्म, संस्कृति या करोड़ों श्रद्धालुओं पर नहीं थोपा जा सकता। जिस प्रकार किसी अस्पताल में भ्रष्टाचार होने से चिकित्सा विज्ञान दोषी नहीं हो जाता, उसी प्रकार किसी मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगने से सनातन धर्म या उसकी संस्कृति दोषी नहीं हो जाती।

उत्तरदायित्व केवल उन व्यक्तियों का होता है जिन्होंने अनियमितता की है। अतः निष्पक्ष जांच के आधार पर दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। धार्मिक संस्थाओं में जनता का विश्वास तभी बना रहेगा जब कानून के समक्ष किसी व्यक्ति का पद, प्रतिष्ठा, प्रभाव, जाति या राजनीतिक संबंध कोई संरक्षण न बन सके।

वास्तव में सनातन संस्कृति स्वयं भ्रष्टाचार, छल और बेईमानी का विरोध करती है। भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन सत्य, मर्यादा, न्याय और उत्तरदायित्व का आदर्श है। यदि कोई व्यक्ति श्रीराम के नाम पर प्राप्त दान का दुरुपयोग करता है, तो वह केवल कानून का ही नहीं, बल्कि श्रीराम के आदर्शों का भी उल्लंघन करता है। इसलिए निष्पक्ष जांच, पूर्ण पारदर्शिता और दोषियों पर कठोर कार्रवाई ही वास्तविक धार्मिक एवं नैतिक कर्तव्य है।

आज आवश्यकता इस बात की भी है कि सभी धार्मिक संस्थाएँ आधुनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली अपनाएँ। डिजिटल लेखा-जोखा, नियमित स्वतंत्र ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी, ऑनलाइन दान प्रणाली, सार्वजनिक आय-व्यय विवरण तथा उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था जैसी व्यवस्थाएँ न केवल पारदर्शिता बढ़ाएँगी, बल्कि श्रद्धालुओं के विश्वास को भी और अधिक सुदृढ़ करेंगी। धर्म की रक्षा केवल पूजा-अर्चना से नहीं, बल्कि ईमानदार और जवाबदेह व्यवस्थाओं से भी होती है।

अंततः मंदिरों की पवित्रता केवल उनके भव्य भवनों या स्थापत्य में नहीं, बल्कि उनके संचालन की नैतिकता और पारदर्शिता में निहित होती है। यदि कहीं किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच होनी चाहिए और दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड दिया जाना चाहिए। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि कुछ व्यक्तियों के कथित कृत्यों के आधार पर संपूर्ण सनातन संस्कृति, भगवान श्रीराम की मर्यादा अथवा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को कटघरे में न खड़ा किया जाए। सत्य, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और न्याय–यही वे आधार हैं जिन पर मंदिरों की गरिमा और सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा सदैव अक्षुण्ण रह सकती है।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## पाठ..

रख अपना हुनर आगे,
मेहनत के..
यहाँ मारे बहुत हैं लोग
किस्मत के..
बिकता तो आज भी
फ़न ही है,
कुछ भी नहीं मिलता
बग़ैर कीमत के..
रोटी दो वक्त की अगर
कमानी है,
देने पड़ेंगे इम्तिहान तुझको भी
गुरबत के..
रेत अगर मिले हिस्से में मिट्टी
को,
अवसर उसमें भी कम नहीं
हैं बरकत के..
दहशत वो करता रहे आके
सरहद में,
चुप मैं भी कैसे रहूँ बिना
हरकत के..
बूँदें गिरती हैं हवा को
चीरकर,
सर भी झुकते हैं कहीं
पर्वत के..
ज़रा सा फ़िसलने पर भी,
संतोष,
सुने है पाठ मैंने भी
नसीहत के..

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## अड़ा रह

सब को चैन की चिंता मुझको
राह की फ़िक्र है ।
छूट ना जाए कुछ
इस बात का डर है।

जिद पर अड़े हो जो
उनको सफ़ल होते देखा है मैने
समय समय पर
मंजिल बदलने वाले के
जीवन में कहा मेहनत का फ़ल है

राह कठिन है तेरी पर
तू जिद से अदा रह
पाना क्या है तुझे खुद

यही सोच और उसी
के लिए खड़ा रह
टूटेगी कमरे,कंधों से टिका रह
अगर आए रोना तुझको तो
आँसू बहाकर भी खड़ा रह,

राह छोड़ देना
आसान होगा तेरे लिए
पर शिखर तक पहुंचना हैं
जिद से अड़ा रह।

शैलेश दिवेवार
नागरा
9764143751

## पत्रकारिता अगर बेगैरत ना होती

पत्रकारिता अगर बेगैरत ना होती
तो इतनी तानाशाह सियासत ना होती।
न्याय देश में
अगर सच में मिलता,
तो अपराधियों की
जमानत ना होती।


दो नम्बर के धंधे सबको भा गये है
लोग नदी-नाले
बेचकर खा गये है।
बनते ही पुल टुट
रहे,सड़कें बह रही
लगता है अब अच्छे
दिन आ गये है।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 204



ck;| l| nk;| |& 1) आंध्र प्रदेश का एक प्रसिद्ध बंदरगाह 7) गौ के चरने का स्थान 9) शौर्य 12) एतराज 14) भीरुता 15) महाभारत में पांडवों की राजधानी 16) मुंह के अंदर की दो हड्डियां जिसमें दांत जड़े होते है 18) मदद करनेवाला 20) अच्छा 21) व्याकुल 23) जो कहीं से चल पड़ा हो 24) बुरी वासना 26) सुधबुध 29) मवाद 31) पति या पत्नी की माता 32) निराश 34) किसी स्थान को घेरने के लिए लगाया जानेवाला मोटा कपडा 35) पुरानी लीक पर चलना इस आशय का एक मुहावरा 37) हाय, शोक, पीड़ा 38) पिता 39) दुश्मनी 40) एक अनाज 41) एक चर्म या त्वचारोग 42) प्रशासन कानेवाला 44) ठंड़ा 46) अप्रसन्न 48) उतारने का काम दूसरे से कराना 50) अभिनेता संजय दत्त की स्व. अभिनेत्री माता 52) गणित का प्रश्न 54) एक फूल (अंग्रेजी) 56) वाराणसी का पुरातनकालीन नाम 57) शुक्ल प्रतिपादन से नवमी तक के नौ दिन रात 60) दिवंगत अभिनेता देवआनंद के यह भाई प्रसिद्ध निर्देशक थे 63) भारतीय क्रिकेट संघ में 'दि वॉल' के नाम से यह खिलाड़ी प्रसिद्ध था (केवल नाम) 66) वचन देना अर्थवाला एक मुहावरा 68) सिर, माथा 70) विवाह – विच्छेद 71) ड़ग, पांव, पैर 72) रस्सी की ऐंठ 73) सूर्य 74) विवशता 76) लक्ष, सौ हजार की संख्या 78) स्त्रियों का एक पहरावा या वस्त्र 79) कोजीकोट का नया नाम, इस बंदरगाह मे वास्को ड़ी गामा सर्वप्रथम उतरा था 81) किसको 83) परामर्शदाता 85) सतर्क 87) व्यर्थ 89) रामचरितमानस ग्रंथ के रचयिता 92) माता का स्नेह 94) दोजख 96) धब्बा 98) तरंग 99) चौकोर टुकड़ेवाला एक मिष्ठान्न 101) किसी पद को पाने या चिपके रहने का लोभ होने का भाव 103) यात्रा 105) आक का वृक्ष, अकवन 106) सजाने की क्रिया 107) मानसिक आघात 109) लोच 110) समुद्र 111) छत्रपती उपाधि प्राप्त एक मराठा राजा जिसे गोब्राम्हण प्रतिपालक माना जाता है 112) दंड़ 114) दो बातों में अधिक सरल 116) घोर शारीरिक कष्ट 117) सचेत, सतर्क 118) श्रावण मास 119) चिंतन करना 120) विचार, राय

Åij l| uhp |& 1) विकासोन्मुख 2) कदाचित 3) क्षार, काटा, मन में दबा रहनेवाला गहरा द्वेष 4) कागज की तिकोनी झंड़ी, ध्वजा 5) कृत्रिम जलमार्ग 6) मस्त होने का भाव 7) गढ़ या नगर का फाटक, स्वर्ग 8) चौपायों को चरानेवाला 9) मुकाम, डेरा 10) आगे पीछे रहने की स्थिति, अनुक्रम 11) नशे मे चूर 12) सावधान या सचेत करना 13) पतंगा 17) वादविवाद 19) दस (संस्कृत) 22) दर्द या शारीरिक पीड़ा के कारण तड़पना 25) सन्तोषी, सहन करनेवाला 27) पंजाब की एक प्रमुख नदी जिसके किनारे लुधियाना शहर बसा है 28) शासक 29) परदे मे रहनेवाली 30) सगा 31) दृढतापूर्वक कार्य करने की क्रिया 33) बल 36) मूल्य 37) उम्मीद, अभिलाषा 42) प्रसूति 43) कसौटी, जांच, परीक्षा 46) महाराष्ट्र मे बहनेवाली एक नदी 45) गीत, संगीत, नृत्य, चित्र आदी कलांए, फाईन आर्टस् का हिन्दी पर्याय 47) दूरदर्शन पर दिखाये गये लोकप्रिय धारावाहिक रामायण के निर्माता निर्देशक 48) अभिमन्यू की पत्नी का नाम 49) संबंध 51) गणना करना 53) वह स्थान जहांपर घर बनाया जाता है, घर 55) मग्न 56) मक्का की प्रसिद्ध मस्जिद 58) हमारे एक भूतपूर्व केंद्रीय रेलमंत्री 59) त्रासयुक्त, डरा हुआ 60) शिष्य 61) मदार 62) एक पैसे का आठवां भाग 64)कोलकाता इस नदी के किनारे बसा हैं 65) किसी वस्तू या व्यक्ति का ऊपर इस प्रकार बंधा होना की नीचे की ओर अधर में हों 66) जन्म दिया 67) शरीर 69) हुनरमंद 70) वातावरण की आर्द्रता 73) रसयुक्त 75) प्राचीन कालीन आश्रमोंकी संख्या 77) एक किस्म की घास की सुगंधित जड़ 79) एक महाकाव्य रघुवंश के रचयिता 80) सेवा, शुश्रुषा, चाकरी 82) पुल 84) दूरदर्शनपर दिखाया गया सबसे पहला लोकप्रिय सिरीयल 86) आणिबाणी के बना हुआ भारत का एक राजनीतीक दल 88) विपदा 90) चिपचिपा, लसदार 91) पसीने की बूंद, 92) घमंड 93) मुंह के अंदर का उपरी भाग 95) तकलीफ 97) चूक, असावधानी 100) राजगोपालचारी के लिए प्रयुक्त संक्षिप्त रुप 101) जूट 102) फैलना 104) कृति, तैयार करना 105) दक्षिण बिहार का प्राचीन नाम 108) मृत्यु–जनित शोक 110) सज्जन, साहु, भद्र पुरुष 111) शंकर 113) प्राण 114) सिर 115) लिप्त, अनुरक्त (जवाब अगले अंक में)●

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ओडिशा के मुख्यमंत्री ने औद्योगीकरण को गति देने के लिए शुरू किया 'गो-ईस्ट' मंच

वनेश्वर, (भाषा)।

***ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पूर्वी भारत में औद्योगीकरण को गति देने और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के मकसद से शुक्रवार को 'गो-ईस्ट' मंच की शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय ताकत और सहयोग से विकास में तेजी आएगी।***

माझी ने भुवनेश्वर में पहली बार आयोजित सीआईआई पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। इस दौरान उन्होंने बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और झारखंड समेत पूर्वी क्षेत्र के करीब 55 उद्योग प्रतिनिधियों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि गो-ईस्ट (पूर्वी क्षेत्र में निवेश में तजी लाने वाला विशेष कार्यबल) एकल खिड़की प्रणाली के तहत बनाया गया विशेष सुविधा तंत्र है, जिसका उद्देश्य पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत से निवेश आकर्षित करना तथा निवेश परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देना है। इसके तहत प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं, त्वरित मंजूरी, समर्पित निवेश प्रबंधन और रणनीतिक औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान की व्यवस्था होगी।



मुख्यमंत्री ने पूर्वी भारत की औद्योगिक वृद्धि के अगले चरण में ओडिशा की भूमिका को अहम करार दिया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की दिशा में पूर्वी भारत का विकास निर्णायक होगा और ओडिशा बड़े पैमाने पर निवेश, सहयोग तथा क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखला के विकास का मंच बनने के लिए तैयार है।

माझी ने औद्योगिक नीति संकल्प-2022 में संशोधन की भी घोषणा की। इसके तहत औद्योगिक रूप से कम विकसित 15 जिलों में स्थापित होने वाली पात्र गैर-खनिज आधारित नयी औद्योगिक इकाइयों को 'प्रमुख क्षेत्र' का दर्जा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''क्षेत्र की मजबूती और सहयोग से ही क्षेत्रीय वृद्धि होगी। ओडिशा बड़े पैमाने पर काम करने के लिए आपका मंच बनने को तैयार है।''

कार्यक्रम में 230 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें जुपिटर वैगन्स लिमिटेड, सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड, मैस्कॉट स्टील, नंदराज टेक्सटाइल, श्याम मेटालिक्स, सीईएससी ग्रीन एनर्जी, लक्ष्मी ग्रुप सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान छह क्षेत्रों - इस्पात, धातु आधारित उद्योग, वस्त्र, बिजली, हरित ऊर्जा उपकरण और रसायन से जुड़े सात समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों से करीब 24,823 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 29,500 लोगों के लिए रोजगार की संभावना है।

ओडिशा के उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# कम आवक, प्लांट वालों की मांग से सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीचे दाम पर बिकवाली कमजोर रहने के बाद सोयाबीन प्लांट वालों की मांग बढ़ने के कारण शुक्रवार को सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार दिखा। कम उपलब्धता के बीच दाम ऊंचा बोले जाने से बिनौला तेल में भी मजबूती रही।***



बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि ऊंचे दाम पर बिकवाली कमजोर रहने से सरसों तेल-तिलहन और गर्मी के फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। मुहर्रम की छुट्टियों के कारण कामकाज हल्का रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज में सुधार था जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में गिरावट जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में लगभग एक महीने पहले सोयाबीन का प्लांट डिलीवरी दाम 7,950 रुपये क्विंटल था। प्लांट वाले कभी खरीद का दाम घटाते हैं तो कभी बढ़ाते हैं। हालांकि इस घट-बढ़ के बावजूद दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक बना हुआ है।

अब जाकर प्लांट वालों ने सोयाबीन का खरीद दाम या प्लांट डिलीवरी भाव 7,380 रुपये क्विंटल किया है, जो भाव एमएसपी से अधिक ही है। लेकिन किसानों के लिए मौजूदा भाव एक महीने के पहले के भाव से नीचा है। इसलिए वे नीचे दाम पर बिकवाली कम कर रहे हैं। कम आवक और बढ़ती मांग से सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आया।

उन्होंने कहा कि बाजार में बिनौले की उपलब्धता नगण्य है और जो भी माल आ रहा है उसमें ज्यादातर मवेशियों के आहार के रूप में उपयोग हो रहा है। कम उपलब्धता के बीच भाव ऊंचा बोले जाने से बिनौला तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम पर कारोबारी गतिविधियां प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। जबकि गर्मी की फसल की आवक बढ़ने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन में भी गिरावट रही। दूसरी ओर मलेशिया खुला रहने के बावजूद मुहर्रम की छुट्टियों के कारण देश के बाजारों में कामकाज लगभग बंद होने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,515-7,540 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,600-7,175 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,475 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,460-2,760 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,475 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,560-2,660 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,560-2,705 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,375 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,275 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,500 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,050-7,100 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,900-6,975 रुपये प्रति क्विंटल।

# भारत - ब्रिटेन एफटीए का मुख्य लक्ष्य परिवर्तनकारी वृद्धिः गोयल

लंदन, (भाषा)।

***केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का प्रमुख लक्ष्य दोनों देशों के बीच परिवर्तनकारी आर्थिक वृद्धि होना चाहिए। गोयल भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के 15 जुलाई से लागू होने से पहले***

दोनों देशों की तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिवसीय ब्रिटेन दौरे पर हैं।

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के नेतृत्व वाले कारोबारी प्रतिनिधिमंडल से सीईटीए के तहत उन्नत विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तुओं, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की।

गोयल ने कहा, ÷मेरे विचार से भारतीय और ब्रिटेन की कंपनियों के लिए सहयोग, साझेदारी और संयुक्त प्रयास तेजी से आगे बढ़ने का सबसे प्रभावी तरीका होगा। इससे कारोबार का विस्तार तेज हो सकेगा।÷ उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार सामान्य तौर पर चार से छह प्रतिशत की दर से बढ़ता है, लेकिन भारत को इससे कहीं अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखने होंगे।

गोयल ने कहा कि यदि भारत केवल इतनी ही वृद्धि को लक्ष्य बनाएगा तो यह दुनिया के भारत पर बढ़ते भरोसे के साथ न्याय नहीं होगा।

मंत्री ने बताया कि सीईटीए के साथ ही अगले महीने लागू होने वाला दोहरा योगदान समझौता (डीसीसी) दोनों देशों में पांच वर्ष तक के अस्थायी कार्यकाल पर काम करने वाले कर्मचारियों पर लागू होगा।



गोयल ने कहा कि सीईटीए केवल शुल्क और मूल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लगभग 48 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई देने का व्यापक अवसर है।

उन्होंने कहा कि कारोबारी समुदाय को नए क्षेत्रों में प्रवेश और परिवर्तनकारी वृद्धि को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में गोयल ने कई रिपोर्ट जारी कीं, जिनमें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की 'इंडियन रूट्स, ब्रिटिश सॉयल' रिपोर्ट शामिल है। इसमें पिछले एक दशक में ब्रिटेन में भारतीय निवेश की यात्रा का विवरण दिया गया है।

इसके अलावा, यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) की सीईटीए कार्यान्वयन पुस्तिका, रेटिंग एजेंसी केयरएज की रिपोर्ट और फिक्की की भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी पर आधारित रिपोर्ट भी जारी की गई।

गोयल ने कहा, ÷अब तक हमारे पास केवल फिच, मूडीज और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स जैसी रेटिंग एजेंसियां थीं। मैं यह रिकॉर्ड पर कह सकता हूं कि उन्होंने भारत के साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं किया। उन्होंने भारत की वृद्धि गाथा, मजबूत आर्थिक बुनियाद, उसकी क्षमता और भविष्य का उतना सही आकलन नहीं किया, जितना किसी रेटिंग एजेंसी को करना चाहिए। मैं उनके इरादों पर कोई सवाल नहीं उठा रहा हूं, लेकिन यह बात मुझे निश्चित रूप से हैरान करती है।÷

गोयल ने कहा, ''मुझे लगता है कि 'केयरएज' ने अपना काम पूरी तरह से निष्पक्ष होकर किया है। उसने भारत की तुलना में बेहद कमजोर और भविष्य की कम संभावनाओं वाली अर्थव्यवस्थाओं का आकलन किया है, जिन्हें अन्य रेटिंग एजेंसियों ने न जाने किन कारणों से भारत से बेहतर रेटिंग दे रखी है।''

भारत में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर चर्चा के दौरान मंत्री ने अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए निर्यात संवर्धन के दृष्टिकोण से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं में सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग देने की पेशकश की।

गोयल ने कहा, ÷हमें विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। साथ ही यह भी देखना होगा कि उच्च खर्च करने वाले पर्यटकों को भारत कैसे आकर्षित किया जाए। वैश्विक कंपनियों के निदेशक मंडल की बैठकें भारत में आयोजित कराकर उन्हें देश में हो रहे बदलाव और विकास से रूबरू कराया जा सकता है।''

मंत्री ने लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) से भी व्यापार प्रतिनिधिमंडलों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय कारोबारियों के लिए दुनिया भर में ऐसे 500 व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना है।

इससे पहले गोयल ने कहा कि उन्होंने ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री पीटर काइल के साथ सार्थक चर्चा की, जिसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को और गहरा करने के नए अवसरों पर विचार किया गया।


गोयल ने कहा, ÷इस बातचीत में वह गर्मजोशी, भरोसा और दूरदर्शी दृष्टिकोण झलकता है, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की पहचान बने हुए हैं।

हम ऐसे परिवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार, निवेश और दोनों देशों की समग्र वृद्धि को प्रोत्साहित करे।÷

# त्रिपुरा सरकार का अगले तीन साल में अनानास की खेती का दायरा 25 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***त्रिपुरा सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए अगले तीन साल में अनानास की खेती का दायरा 3,000 हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। राज्य के कृषि मंत्री रतन लाल नाथ ने यह जानकारी दी।***



नाथ ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि त्रिपुरा में अभी अनानास का उत्पादन 1.78 लाख टन है और इसकी खेती 12,000 हेक्टेयर रकबे पर हो रही है। मंत्री ने कहा कि स्थानीय मांग पूरी करने के बाद राज्य में 23,000 टन अनानास अतिरिक्त बचता है और इसे देश के दूसरे हिस्सों के साथ-साथ विदेशों में भी बेचा जा रहा है।

इस फल को बढ़ावा देने के लिए, नाथ ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय राजधानी में 27-29 जून के दौरान 'त्रिपुरा ग्लोबल पाइनएप्पल फेस्टिवल 2026' आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य अगले तीन साल में अनानास की खेती का दायरा 3,000 हेक्टेयर तक बढ़ाना है।''

मंत्री ने कहा कि मकसद इस फल और अनानास से बने जैम और जूस जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों को बेचकर किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अनानास के पत्तों से निकाले गए रेशे की मांग लक्जरी फैशन, घर की सजावट और टिकाऊ पैकेजिंग में है।

यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, 27 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय 'पाइनएप्पल' दिवस के साथ हो रही है।

नाथ ने कहा कि यह मेला भारत और विदेशों के किसानों, नीति-निर्माताओं, खरीदारों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है ताकि त्रिपुरा के मशहूर 'क्वीन पाइनएप्पल' और राज्य की व्यापक कृषि और सांस्कृतिक पहचान को सामने लाया जा सके। महोत्सव के दौरान त्रिपुरा के पांच अनानास किसानों को सम्मानित किया जाएगा और राज्य भर से 25 स्टॉल इसमें हिस्सा लेंगे।

मंत्री ने कहा, ''त्रिपुरा का क्वीन पाइनएप्पल हमेशा से खास रहा है और हमारे किसान पीढ़ियों से यह बात जानते हैं। हम बस यह पक्का कर रहे हैं कि बाकी दुनिया को भी इसके बारे में पता चले। यह उत्सव हमारे किसानों और वैश्विक बाजारों के बीच असली और लंबे समय तक चलने वाले संबंध बनाने का हमारा तरीका है।'' त्रपुरा में अनानास की दो मुख्य किस्में उगाई जाती हैं - क्वीन और क्यू । वर्ष 2014 में, 'क्वीन पाइनएप्पल' को उसके खास मूल स्थान और बेहतरीन गुणवत्ता के लिए 'भौगोलिक संकेतक' (जीआई) टैग मिला।

मई 2026 में, राज्य सरकार ने 'मिशन क्वीन पाइनएप्पल' शुरू किया। यह 236 करोड़ रुपये की परियोजना है, जिसका मकसद तीन साल में इसकी खेती के दायरे को 12,000 हेक्टेयर से बढ़ाकर 15,000 हेक्टेयर करना है।

इस मिशन के तहत खेत से बाजार तक एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 10 पैक हाउस, राइपनिंग चैंबर (फल पकाने वाला चैंबर), 20 रेफ्रिजरेटेड परिवहन वाहन, जीआई लेबलिंग मशीनें और एफएसएसएआई के नियमों के मुताबिक खाद्य सुरक्षा बुनियादी ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव है।

# वाहनों के लिए साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू करने का प्रस्ताव..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में विनिर्मित वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा और साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (सीएसएमएस) को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का प्रस्ताव किया है। मंत्रालय ने 22 जून को जारी मसौदा अधिसूचना में कहा कि प्रस्तावित नियम एम (यात्री वाहन), एन (मालवाहक वाहन) और टी (ट्रेलर) श्रेणियों के वाहनों पर लागू होंगे।***

मसौदा प्रस्ताव के तहत, एम, एन और टी श्रेणी के मोटर वाहन, यदि वे कम से कम एक इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ईसीयू) और लेवल 3 ऑटोमेशन वाले एल7 श्रेणी के वाहनों से लैस हैं, तो उन्हें 'एआईएस-189' के अनुसार साइबर सुरक्षा और साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों (सीएसएमएस) की आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

मंत्रालय ने कहा कि एआईएस (वाहन उद्योग मानक)-189 वाहन साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर जीवनचक्र प्रबंधन के क्षेत्र में भारत के नियामकीय ढांचे को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मानकों के अनुरूप बनाता है।

मसौदा अधिसूचना के अनुसार, साइबर सुरक्षा और साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का अनुपालन करने वाले 'लेवल 3' और उससे ऊपर के स्वचालन वाले वाहनों के लिए इसे एक अक्टूबर 2026 (नए मॉडल) और एक अप्रैल 2027 (मौजूदा मॉडल) से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

वहीं, 'ओवर-द-एयर' (ओटीए) सुविधा वाले वाहनों के लिए यह अनुपालन नए और मौजूदा सभी मॉडलों पर एक अक्टूबर, 2029 से अनिवार्य होगा।

मंत्रालय ने मसौदा अधिसूचना पर संबंधित पक्षों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं।

# नवा रायपुर के टेक्सटाइल पार्क में 235 करोड़ निवेश से लग रही पहली इकाई, 4,600 लोगों को रोजगार..

रायपुर, (भाषा)।

***छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के टेक्सटाइल पार्क में 235 करोड़ रुपए के निवेश से लगने वाली पहली इकाई से 4,600 से अधिक लोगों को रोजगार का मौका मिलेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार नवा रायपुर को देश के प्रमुख कपड़ा एवं परिधान बनाने के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।***

उन्होंने बताया कि राज्य के नवा रायपुर के टेक्सटाइल पार्क में पहली इकाई लगने जा रही है। 235 करोड़ रुपए के निवेश से लगने वाली इस इकाई से 4,600 से अधिक लोगों को रोजगार का मौका मिलेगा।

राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने 25 जून को टेक्सटाइल पार्क की पहली परिधान बनाने की इकाई का भूमिपूजन किया।

तमिलनाडु की स्विफ्ट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड यहां अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित कर रही है। कंपनी मुख्य रूप से बच्चों के कपड़े और यूरोपीय तथा अमेरिकी बाजारों में निर्यात पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिधान और कपड़े बनाएगी।

उन्होंने बताया कि कपड़ा और परिधान बनाने के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश-विदेश में नई पहचान दिलाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के बड़े अवसर तैयार करने के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए नवा रायपुर में 81 एकड़ क्षेत्र में आधुनिक टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है।

यहां कपड़ा, परिधान, तकनीकी वस्त्र तथा सहायक उद्योगों के लिए सभी आवश्यक ढांचागत सुविधा विकसित की जा रही हैं। इस कपड़ा पार्क में स्विफ्ट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ ही पुनीत क्रिएशन्स और दृष्टि डिजाइन्स एलएलपी को भी भूमि आबंटित की जा चुकी है।

तीनों इकाइयां लगभग 445 करोड़ रुपए निवेश करेंगी। निवेश से 11 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में कपड़ा और सिले-सिलाये कपड़े को प्रमुख के रूप में विशेष प्राथमिकता दी है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने महिला कर्मचारियों के लिए छह हजार रुपए तथा पुरुष कर्मचारियों के लिए पांच हजार रुपए प्रतिमाह की रोजगार सहायता पांच वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।

नई औद्योगिक नीति के प्रभाव से प्रदेश में पिछले 18 महीनों में आठ लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 1.6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है, ''नवा रायपुर का टेक्सटाइल पार्क छत्तीसगढ़ के युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का मजबूत माध्यम बनेगा। हमारी सरकार यहां निवेशकों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है...।''

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बदलते समय के अनुसार कृषि उपज के नहीं मिल रहे उचित दाम, खेती लाभ कम ,घाटे का सौदा साबित हो रही






जगप्रेरणा लांजी।

***देश में खेती-किसानी लगातार महंगी होती जा रही है। खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल-पेट्रोल, सिंचाई और मजदूरी की बढ़ती लागत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर कृषि उपज के अपेक्षित दाम नहीं मिलने से किसानों*** की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में किसानों का कहना है कि खेती अब लाभ का नहीं, बल्कि कर्ज और आर्थिक संकट का सौदा बनती जा रही है। कृषि विशेषज्ञों और क्षेत्रीय किसानों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में खेती के लिए आवश्यक लगभग सभी कृषि आदानों की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खाद और बीज के दाम बढ़ने के साथ-साथ डीजल, सिंचाई तथा मजदूरी पर होने वाला खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। इसके विपरीत फसलों के समर्थन मूल्य में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है।

धान उत्पादक किसानों का कहना है कि उत्पादन लागत और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच का अंतर लगातार बढ़ रहा है। खेती में लगने वाली लागत, समय और मेहनत की तुलना में मिलने वाला मूल्य पर्याप्त नहीं है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकार खेती को लाभकारी बनाने और उत्पादन बढ़ाने की बात तो करती है, लेकिन बढ़ती लागत के अनुपात में राहत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों का मानना है कि यदि खेती की लागत इसी प्रकार बढ़ती रही और उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिला, तो कृषि क्षेत्र में संकट और गहरा सकता है। उनका कहना है कि सरकार को किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझते हुए ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जिनसे लागत, मेहनत और जोखिम के अनुरूप उचित मूल्य सुनिश्चित हो सके।

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का भी मानना है कि खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए किसानों को लागत के अनुरूप मूल्य, समय पर भुगतान तथा कृषि आदानों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अन्यथा बढ़ती लागत और घटती आय का दबाव किसानों को लगातार आर्थिक संकट की ओर धकेलता रहेगा।



### ऋषि पटेल ने उठाई किसानों की समस्या..

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि पटेल ने किसानों की आय और खेती की लागत के बीच बढ़ते अंतर को गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, डीजल और मजदूरी के बढ़ते खर्च के कारण किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती पर निर्भर हैं। सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में मात्र 71 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, जबकि इफको डीएपी सहित अन्य उर्वरकों के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। यह किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों की वास्तविक लागत का मूल्यांकन कर खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।



### राजू मेंढे ने की ठोस नीति की मांग..

पूर्व जनपद सदस्य राजू मेंढ़े ने कहा कि खेती देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में किसान सबसे अधिक आर्थिक दबाव झेल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिला और कृषि लागत पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो खेती से किसानों का मोहभंग हो सकता है। सरकार को किसानों के हित में ठोस, व्यावहारिक और दीर्घकालिक नीति बनाकर उन्हें राहत प्रदान करनी चाहिए, ताकि खेती को पुनः लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती लागत और घटती आय के इस संकट से किसानों को उबारने के लिए सरकार, कृषि विभाग और नीति निर्माताओं को समन्वित प्रयास करने होंगे। तभी खेती को लाभकारी बनाकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकेगा।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान..

# 28 जून को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद





जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार 28 जून को विकासखंड लांजी में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव हेतु 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई जाएगी। यह अभियान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं*** स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल लांजी डॉ. अक्षय कुमार उपराडे ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस विकासखंड के 15,310 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 192 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 384 बूथ कार्यकर्ता एवं 25 सुपरवाइजरों की देखरेख में बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 61 सी-टीम घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी, जबकि 131 बी-टीम पहले दिन बूथों पर कार्य करने के बाद अगले दो दिनों तक छूटे हुए बच्चों के घर पहुंचकर उन्हें पोलियो ड्रॉप्स पिलाएगी, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त, बस स्टैंड, चेक पोस्ट एवं अन्य आवागमन स्थलों पर आने-जाने वाले परिवारों के बच्चों को भी पोलियो की खुराक उपलब्ध कराने के लिए 5 ट्रांजिट टीमों का गठन किया गया है। पल्स पोलियो अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित की गई हैं तथा ग्रामों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नारा लेखन एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गई हैं।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराडे ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 28 जून रविवार को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाते हुए पोलियो मुक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग दें।

**संदेश: 'दो बूंद जिंदगी की - 28 जून को हर बच्चे को जरूर पिलाएं।'**

# जर्जर वनोपज नाका बना खतरा: बारिश में कर्मचारियों की ड्यूटी पर संकट..

### नए भवन का इंतजार..






जगप्रेरणा लांजी।

***दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के अंतर्गत परिक्षेत्र पूर्व लांजी के अधीन आने वाले बकरामुंडी वनोपज नाका के भवन की हालत बेहद खराब हो चुकी है।***

लंबे समय से मरम्मत की उपेक्षा के कारण नाका भवन की छत एक ओर से गिर चुकी है तो दूसरी ओर भी पूरी तरह से जर्जर हो गई है, जिससे बारिश के मौसम में यहां तैनात कर्मचारियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। कर्मचारी बारिश में कैसे ड्यूटी करेंगे और कैसे रहेंगे, यह सवाल इन दिनों यहां सभी को परेशान कर रहा है।

नाका भवन की छत बांस और कवेलू से बनी हुई है, जो अब पूरी तरह सड़ चुकी है एवं पानी गिरने के कारण दीवारे भी गिरने लगी है। भवन की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कर्मचारी तिरपाल या किसी अन्य अस्थायी व्यवस्था से भी छत को ढकने में असमर्थ हैं। छत की कमजोर संरचना के कारण तिरपाल चढ़ाने का प्रयास भी खतरनाक साबित हो सकता है।

### लंबे समय से लापरवाही..

वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, इस नाका की मरम्मत का प्रस्ताव कई बार भेजा जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक प्रक्रिया और बजट की कमी के चलते काम रुका पड़ा है। स्थानीय स्तर पर छोटी-मोटी मरम्मत कराई गई, लेकिन मौसमी क्षति के आगे वे टिक नहीं पाईं।

### क्यों जरूरी है तुरंत सुधार कार्य की..

बकरामुंडी वनोपज नाका जंगल की सुरक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां से वनोपज की नियमित निगरानी होती है। यदि कर्मचारी स्वयं असुरक्षित महसूस करेंगे तो उनकी कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा, जिससे वन संपदा की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। कर्मचारी हमारे भरोसे की रक्षा करते हैं। उनकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



### बोले सपन ताम्रकार..

वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित ही वह कमरा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, एवं बारिश में वहां कर्मचारी नहीं रह पाएंगे। हम कर्मचारियों की समस्या से अवगत हैं। विभाग को भवन निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बारिश के मौसम के लिए तात्कालिक व्यवस्था की जाएगी जिससे कि कर्मचारियों की ड्यूटी प्रभावित न हो।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# परसवाड़ा में श्रद्धा व अकीदत के साथ मनाया गया यौमे आशूरा, इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला को किया याद..




जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***इस्लामी नववर्ष के प्रथम माह मोहर्रम की 10वीं तारीख यौमे आशूरा के अवसर पर परसवाड़ा नगर सहित बिजाटोला क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय ने श्रद्धा, अकीदत और धार्मिक परंपराओं के साथ पर्व मनाया।***

इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआएँ मांगी गई तथा हजरत इमाम हुसैन और कर्बला में शहीद हुए उनके 72 जानिसारों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मुस्लिम धर्मगुरुओं ने बताया कि यौमे आशूरा इस्लाम में अत्यंत फज़ीलत और अजमत वाला दिन माना जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला की धरती पर सत्य, इंसाफ और मानवता की रक्षा के लिए अपने परिवार और साथियों सहित शहादत दी, जो पूरी दुनिया के लिए त्याग, धैर्य और न्याय का अनुपम संदेश है।

परसवाड़ा बस स्टैंड स्थित जामा मस्जिद सहित नगर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह विशेष नमाज और दुआ का आयोजन किया गया। वहीं जमात रजा-ए-मुस्तफा की ओर से शहीदाने कर्बला की याद में जगह-जगह शरबत, खिचड़ा एवं लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

इसी प्रकार आला हजरत मस्जिद, बिजाटोला (परसवाड़ा) में भी यौमे आशूरा के अवसर पर विशेष नमाज अदा की गई। मौलाना अख्तर रजा साहब ने इमाम हुसैन की कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में भाईचारा, इंसानियत और नेक राह पर चलने का संदेश दिया। नमाज के बाद सभी की सलामती और देश में शांति के लिए विशेष दुआ की गई तथा नाश्ता और शरबत का लंगर वितरित किया गया।

कार्यक्रम में परसवाड़ा के सदर शेख इमरान, डॉ. जावेद सिद्दीकी, असरफ, अकील, यूनुस, शहबाज सहित जमात के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वहीं आला हजरत मस्जिद में मस्जिद कमेटी के सदर परवेज खान, मौलाना अख्तर रजा साहब, यासिम खान, यासीन खान, अरबाज खान, माजिद खान, शकील अहमद, यूनुस खान, अफरोज खान, अबरार खान, अफजल खान तथा अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बालाघाट जिले के बैहर तहसील में मौत बनकर बरसी आकाशिय बिजली..

## बिरवा में 3 और गढ़ी में एक महिला की मौत..







जगप्रेरणा बैहर।

***बालाघाट जिले के बैहर क्षेत्र में 26 जून को आकाशिय बिजली मौत बनकर बरसी। बैहर वनांचल क्षेत्र में बिजली गिरने से दो घटनाओं की जानकारी सामने आई है,***

जिसमें एक घटना में बिरवा हवाई पट्टी के समीप 3 वॉच टावर के समीप बिजली गिरने से 3 पुरुषों की मौत हो गई, जबकि वहीं गढ़ी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुर्सीपार के कोमो गांव में नुंकाटोला निवासी चंद्रावती पति कैलाश पुसाम उम्र 39 वर्ष की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना में अन्य अनेक लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बैहर के ही ग्राम बम्हनी में एक मकान पर बिजली गिरने से दो लोग घायल हो गए, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## वॉच टावर के पास गिरी बिजली..

दोनों ही घटनाक्रमों के संबंध में जानकारी के अनुसार पहली बिरवा हवाई पट्टी के पास भमोड़ी वन विभाग कैंप में हुई। यहां बिरवा निवासी सतीश वलके उम्र 19 वर्ष, लक्की मेरावी उम्र 18 वर्ष तथा भमोड़ी निवासी झामसिंह ताराम उम्र 34 वर्ष तथा गुचरी ताराम उम्र 50 जंगल में लकड़ी काटने निकले थे।

अचानक तेज आंधी-तूफान और बारिश शुरू होने पर करीब 9 लोग पास ही बने वन विभाग के वॉच टॉवर में छिप गए। सतीश और लक्की टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से में थे। इसी दौरान टॉवर से सटे एक साल के पेड़ पर जोरदार बिजली कड़कड़ाकर गिरी। हादसे में सबसे ऊपरी हिस्से में मौजूद सतीश वलके और लक्की मेरावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसे झामसिंह ताराम ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## यह हुए घायल

बैहर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटनाक्रम में बम्हनी निवासी शालिनी पिता सबजीत वलके उम्र 13 वर्ष, भिमोड़ी निवासी देवसिंह पिता कतियासिंह ताराम उम्र 50) वर्ष, अतरिया निवासी महेश पिता संतलाल तेकाम उम्र 35 वर्ष, देवलाल पिता बजारी तेकाम उम्र 50 वर्ष एवं रायसिंग पिता हजारी पंद्र उम्र 52 तथा कौशल्या मरावी उम्र 70 वर्ष घाटल हो गए।

## एक महिला की मौत..

बिजली गिरने से मृत होने की दूसरी घटना गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुर्सीपार के कोमो गांव में घटित हुई, जिसमें नुंकाटोला निवासी चंद्रावती पति कैलाश पुसाम उम्र 39 वर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई, और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# 13 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा नवमी में प्रवेश, पालकों ने नियमों में शिथिलता की मांग की..



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में कक्षा आठवीं उत्तीर्ण करने वाले कई छात्र-छात्राओं को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा नवमी में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।***

पालकों का आरोप है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में 13 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को ही नवमी कक्षा में प्रवेश दिया जा रहा है, जबकि इससे कम आयु के छात्र-छात्राएं पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं।

पालकों का कहना है कि यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आयु संबंधी नियम लागू करना था, तो इसे कक्षा पहली से ही लागू किया जाना चाहिए था। ऐसे में आठ वर्षों बाद जब विद्यार्थी नवमी में पहुंचते, तब यह नियम स्वाभाविक रूप से प्रभावी होता। अचानक नवमी कक्षा में आयु सीमा लागू करने से अनेक विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पालकों ने शासन की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार सभी पात्र विद्यार्थियों को योजना के तहत साइकिल वितरित कर रही है, वहीं दूसरी ओर आयु सीमा के कारण उन्हीं विद्यार्थियों को नवमी में प्रवेश नहीं दिया जा रहा।

उनका कहना है कि जब छात्र साइकिल प्राप्त करने के पात्र हैं, तो उन्हें शिक्षा से वंचित करना उचित नहीं है। क्षेत्र के अभिभावकों ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस शैक्षणिक सत्र के लिए आयु संबंधी नियम में शिथिलता बरती जाए तथा कक्षा आठवीं उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को कक्षा नवमी में प्रवेश दिया जाए, ताकि उनकी शिक्षा बाधित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।


## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433


# जिला चिकित्सालय सिवनी में नित्य नारायण सेवा के एक वर्ष पूर्ण..




जगप्रेरणा कान्हीवाडा।

***श्री सत्य साई सेवा समिति जिला सिवनी कान्हीवाडा द्वारा 29 जून 2025 से लगातार चल रही नित्य नारायण सेवा जो जिला चिकित्सालय सिवनी में***

अनवरत जारी है जिसके एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं इस एक साल के दौरान जरूरतमंदों को 43303 फुड पैकेट बांटे गए जिसमें 23288 परिवारों ने तैयारकर सेवा रुपी पुष्प के समर्पित किया।

जिसे 2609 पुरुष सेवा दल एवं 279 महिला सेवा दल के अपने कर कमलों से बड़े प्रेम से लोगों को वितरित किया। भगवान् की कृपा से यह योजना आगे भी चलती रहेगी। वार्षिक कार्य क्रम में प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं उपस्थित जन समूह ने इस योजना की भूरि भूरि प्रसंशा की।

# बैहर एवं बिरसा में नदी-नालों के उफान वाले क्षेत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित

## एसडीएम ने 1 अगस्त तक जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश, उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

जगप्रेरणा बैहर।

***वर्षा ऋतु के दौरान आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैहर अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री अर्पित गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 26 जून 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 01 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा।***

जारी आदेश के अनुसार मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में लगातार वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इससे बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र की नदियों, नालों, बंजर, झरनों तथा तालाबों में जलस्तर बढने् और बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों में जनहानि की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। आदेश के तहत बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र में नदी, नाला, झरना, बंजर और तालाब सहित सभी जलस्त्रोतों के उफान वाले स्थानों पर आम लोगों के आने-जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बाढ़ की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को ऐसे स्थलों से 100 मीटर की परिधि के भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, जिन पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन अथवा जमीन धंसने की आशंका है, वहां भी 100 मीटर के दायरे में आमजन का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने नदी-नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों में नहाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश आमजन की सुरक्षा के हित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश से प्रभावित कोई भी व्यक्ति धारा 163(5) के तहत सक्षम न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विशेष परिस्थितियों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा सकेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वर्षा के दौरान नदी-नालों और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के वनरक्षक पद भर्ती, प्रक्रिया का पैदल चाल परीक्षण सम्पन्न..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए वनरक्षक पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत वन वृत्त बालाघाट के नोडल कार्यालय दक्षिण सामान्य वनमण्डल, बालाघाट द्वारा भर्ती की निर्धारित कार्यवाही संपन्न की गई।***

भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 4314 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत पात्र पाए गए 175 अभ्यर्थियों को अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी किए गए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जून 2026 को वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय परिसर, बालाघाट में अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप का आयोजन किया गया, जिसमें 51 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इसके बाद 23 जून 2026 को प्रातः 5:30 बजे से 9:30 बजे तक वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय परिसर में पैदल चाल परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 47 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और सभी ने सफलतापूर्वक निर्धारित पैदल चाल पूरी की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पारदर्शी व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है। आगामी चरणों की कार्यवाही भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी।


## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


# सेल्फक्लिक अभियान के अंतर्गत साइबर फ्राड को रोकने के लिये पुलिस विभाग कर रहा जागरूक..



जगप्रेरणा उगली।

***संपूर्ण मध्य प्रदेश में इस समय वन सेल्फक्लिक अभियान के तहत साइबर फ्राडिंग को रोकने के लिए म. प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के दिशा निर्देश का पालन करते हुए मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में पुलिस अधीक्षक महोदय***

अनुविभागिय अधिकारी और थाना प्रभारीयों की मौजूदगी में यह कार्यक्रम विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक लगभग 1 सप्ताह का चलाया जा रहा है, जिसमें 1930 में कॉल करके आप साइबर ठगी, फ्रॉड अगर आपके साथ हुआ है, इसकी सूचना सीधे अपने मोबाइल से ऑनलाइन कर सकते हैं,साइब ठगी का मतलब है,अपने मोबाइल पर आने वाली ओटीपी, समग्र आईडी आधार कार्ड से जुड़े बैंक खातों की जानकारी किसी को साझा ना करें,आजकल मोबाइल एप्लीकेशन में तरह-तरह के ऐप्स डाउनलोड होते हैं, जिसके आधार पर साइबर ठगी के मामले पूरे देश में बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, लोगों को इसकी पूरी जानकारी नहीं होती और इन मोबाइल एप्लीकेशंस का इस्तेमाल करके अपने खातों से पैसों का आहरण हो जाता है, जिसके आधार पर संबंधित विभाग को सूचना भी देने का काम भी करते हैं, इस कारण से प्रदेश के मुखिया ने इस साइबर ठगी को रोकने के लिए पुलिस विभाग को यह कार्य सौंपा है, जिसके अंतर्गत आठ दिवसीय इस अभियान का कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें विद्यालय स्तर पर जा जाकर सभी अधिकारी पुलिस विभाग के संबंधित थाना प्रभारीयों के द्वारा दिशा निर्देश दिया जा रहा है, गत दिवस सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाले उगली मुख्यालय में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में उगली में पुलिस थाना प्रभारी दयाराम शरणागत, ए.एस.आई सुमेर ऊइके और प्रधान आरक्षक उपस्थित होकर बच्चों को साइबर ठगी के बारे में जानकारी देते हुए शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया जिससे किसी भी स्तर से साइबर ठगी का शिकार ना हो और भविष्य में होने वाली सुविधाओं से बचा जा सके.




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 5 और 15 वर्ष, आयु वर्ग के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट अभियान..

## गोंदिया जिले में 1 से 31 जुलाई तक लगेंगे विशेष शिविर..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***आधार पंजीकरण नियमों के अनुसार पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का आधार बनाते समय केवल उनकी फोटो और जनसांख्यिकीय जानकारी दर्ज की जाती है। उस समय बच्चों के फिंगरप्रिंट और आंखों की***

पुतली (आईरिस) का बायोमेट्रिक नहीं लिया जाता। इसलिए बच्चों के 5 वर्ष पूर्ण होने पर पहला बायोमेट्रिक अपडेट **(MBU1)** तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट **(MBU2)** कराना अनिवार्य है।

जिला प्रशासन के निरीक्षण में सामने आया है कि जिले में बड़ी संख्या में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पहला बायोमेट्रिक अपडेट **(MBU1)** अभी तक नहीं हुआ है। वहीं अनेक विद्यार्थियों का 15 वर्ष की आयु के बाद किया जाने वाला दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट **(MBU2)** भी लंबित है। इसके कारण **JEE, NEET** जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान परेशानी आती है और अंतिम समय में अपडेट कराने के लिए अधिक भीड़ लग जाती है।

इन समस्याओं से बचने तथा लंबित बायोमेट्रिक अपडेट पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर कार्यालय, गोंदिया द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में विशेष आधार बायोमेट्रिक अपडेट शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा।

आधार प्राधिकरण के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान उन विद्यालयों में चलाया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट लंबित हैं। इसके लिए विद्यालयवार एवं आधार ऑपरेटरवार विस्तृत योजना तैयार की गई है।

जिला परियोजना प्रबंधक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) हरिचंद्र पौनिकर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य रूप से समय पर कराएं। उन्होंने कहा कि अपडेट नहीं होने पर बच्चों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं, निवासी उप जिलाधिकारी एवं आधार परियोजना के नोडल अधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे ने बताया कि छात्रवृत्ति, विद्यालय एवं महाविद्यालय में प्रवेश, बैंकिंग सेवाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण सरकारी सुविधाओं के लिए आधार में अद्यतन जानकारी आवश्यक है।

इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट निर्धारित समय के भीतर अवश्य कराएं। यह विशेष अभियान जिला कलेक्टर कार्यालय की निगरानी में प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

# अडानी पावर लिमिटेड, तिरोड़ा ने पुलिस के सहयोग से चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अडानी पावर लिमिटेड, तिरोड़ा द्वारा शुक्रवार को कंपनी के मटेरियल गेट पर सभी वाहन चालकों के लिए रोड सेफ्टी टूल बॉक्स टॉक (टीबीटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***





यह कार्यक्रम तिरोड़ा पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक अमित वानखेड़े के समन्वय एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि शराब, गांजा अथवा किसी भी प्रकार के नशीले या प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं। साथ ही निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचें। इस अवसर पर वाहन में सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक उपकरण जैसे रिफ्लेक्टिव कोन, बैरिकेड टेप एवं वॉर्निंग ट्रायंगल रखना अनिवार्य बताया गया। साथ ही वाहन का पंजीकरण नंबर (नंबर प्लेट) स्पष्ट एवं आसानी से दिखाई देने योग्य रखने तथा दुर्घटना या हिट एंड रन जैसी घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से भारी वाहनों के चालकों को अपने पास रिफ्लेक्टिव जैकेट रखना अनिवार्य बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि वाहन खराब होने या किसी आपात स्थिति में रिफ्लेक्टिव जैकेट चालक की दृश्यता बढ़ाने में मदद करती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाती है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने की आदत अपनाने तथा सड़क सुरक्षा को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानने का आह्वान किया गया। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षित ड्राइविंग को प्रोत्साहित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# हर्षे पैरामेडिकल एवं एग्रीकल्चर कॉलेज की सफलता..




## कॉलेज के विद्यार्थियों ने लगातार पांचवीं बार जिले मे हासिल किया मेरिट मे स्थान..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***हर्षे पैरामेडिकल एवं एग्रीकल्चर कॉलेज, आमगांव के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की वर्ष 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर जिले में अपना परचम लहराया है।***

डी.एम.एल.टी. **(DMLT)** पाठ्यक्रम की छात्रा कु. सोनल रहांगडाले ने 92.77त्न अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कु. पूजा मुनेश्वर ने 92.22 प्रति. अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के छात्र विलास राखडे ने 97.44 प्रति. अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कु. स्नेहा पटले ने 93.78 प्रति.अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। हर्षे पैरामेडिकल एवं एग्रीकल्चर कॉलेज, आमगांव ने पिछले पांच वर्षों से लगातार मेरिट देने की अपनी परंपरा कायम रखी है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में कॉलेज की इस उपलब्धि की सराहना की जा रही है।

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था के डायरेक्टर श्री सुरेश हर्षे, प्राचार्य श्री आरजू हर्षे, इंचार्ज श्रीमती पल्लवी हर्षे, प्रा. सतीश बावनथडे, प्रा. डिम्पल येडे, प्रा. हेमंत चावके, प्रा. मीना उजवणे, प्रा. डॉ. गुणवंता कटरे, प्रा. वीणा बिसेन, प्रा. नेहा ठाकुर, प्रा. प्रियंका मेश्राम, प्रा. शिखा पांडे, प्रा. राहुल कटरे, प्रा. जान्हवी शेंडे, प्रा. ममता रहांगडाले, श्रीमती हत्तीमारे तथा अपने माता-पिता को दिया हैं।

# देवरी इलाके में बिजली कड़कने के साथ हुई भारी बारिश..

## किसानों में खुशी का माहौल..

## लोगों को गर्मी से राहत..



जगप्रेरणा देवरी।

***शुक्रवार (26 जून) दोपहर करीब 12 बजे देवरी तालुका में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हुई।***

पिछले कुछ दिनों से लोग तेज गर्मी और उमस भरे मौसम से परेशान थे। हालांकि, अचानक हुई इस भारी बारिश से तापमान काफी कम हो गया है और माहौल में सुहानी हवा चल रही है। देवरी शहर समेत ग्रामीण इलाकों में बारिश की वजह से सड़कों पर पानी की धाराएं बहती दिखीं। खरीफ सीजन की तैयारी कर रहे किसानों को इस बारिश से सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, और कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान आ गई है। किसान भरोसा जता रहे हैं कि समय पर हुई इस बारिश से खरीफ सीजन की अच्छी शुरुआत होगी।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



दिनांक 26 जून 2026 (शुक्रवार ) को मोहर्रम के उपलक्ष पर मुस्लिम समाज सालेकसा की ओर से भाईचारे का पैगाम देते हुए शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया था..

इस कार्यक्रम में नगर के अतिथियों साथ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थें। सभी ने मिलकर शरबत का आस्वाद लिया। साथ ही मुस्लिम समाज के युवाओ ने आते-जाते राहगीरों को भी शरबत का वितरण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## सुना मौका देखकर अज्ञात चोर ने उड़ाये गहने और नगदी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/6/2026 के रात सुर्याटोला मे फर्यादी मंगल पांडुरंग पटले उम्र 49 वर्ष निवासी सुर्याटोला की पत्नी बच्चे बाहर गाव गये थे। उसी रात अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर सोने की चैन 20 ग्राम किमत 70 हजार रुपये और नगदी 70 हजार कुल 1 लाख 40 हजार रुपये चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 402/2026 धारा 305 ए 331,4, भारत न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोऊपनी काजल नामदे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## अज्ञात फोरविलर की चपेट मे मोपेड चालक हुवा जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/ 6/ 2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान मुंडीपार रांदल गोडाउन समोर फर्यादी मोहीत विष्णुकुमार भालोटिया उम्र 27 वर्ष निवासी फुलचुरपेठ गोंदिया का बडा भाई तन्मय विष्णुकुमार भालेटिया अपनी अक्टिवा गाडी से घर आ रहा था। उसी समय अज्ञात फोरविलर के चालक ने ठोस मारकर घटनास्थल से फरार हो गया। तन्मय को गंभीर चोट लगने से फर्यादी के दिये शिकायत पर अज्ञात फोरविलर चालक के खिलाफ पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 300/2026 धारा 281,125, अ, भान्यास 2023 सहकलम 134, अ,134, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ अनिल पारधी 671 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

## मकान मे चोरी का असफल प्रयास मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के नवेगांवबांध पुलिस थाना अंतर्गत चोरी के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 6/2026 के रात मौजा जवाहर नवोदय विद्यालय नवेगावबांध मे फर्यादी वामनराव तुळशीराम मेश्राम उम्र 57 वर्ष निवासी सावरी अपने नवोदय विद्यालय शासकीय निवास कॉर्टर नंबर 25 को ताला लगाकर अपने गाव गये। जब वापस आये तो देखा की कार्टर का ताला टुटा हुवा था, और सामान अस्त-व्यस्त पडा था वैसे ही पडोसी के कार्टर मे भी ताला टुटा था दोनो कार्टर मे अज्ञात चोर ने चोरी करने का प्रयास करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे नवेगांवबांध मे अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क्रमांक 168/2026 धारा 305,331,4,62, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा प्रशांत बोरकर 1432 पोस्टे नवेगांवबांध कर रहे है।

# जी. एच. रासोनी मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता उद्घाटन आज..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***जी. एच. रासोनी मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन समारोह दिनांक 27 जून 2026 को प्रातः 11:00 बजे जिला खेल परिसर, गोंदिया में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।***

इस प्रतियोगिता का आयोजन गोंदिया जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जिससे प्रतियोगिता को व्यापक प्रतिसाद प्राप्त हुआ है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सचिन शेंडे (अध्यक्ष, गोंदिया नगर परिषद), श्री किशोर परवते (पीएसआई, गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन), श्री राजकुमारजी कुथे (अध्यक्ष, गोंदिया जिला बैडमिंटन एसोसिएशन), इंजि. तेजेंद्र रामटेके (पंचायत समिति सदस्य, आमगांव), डॉ. राणा (गोंदिया), एडवोकेट तौशीफअहमद (संचालक, **ABC.H**, गोंदिया) तथा श्री शैलेन्द्र फुंडे (उपाध्यक्ष, गोंदिया जिला बैडमिंटन एसोसिएशन) उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता में 11 वर्ष से कम, 13, 15, 17 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के साथ-साथ वरिष्ठ पुरुष, वरिष्ठ महिला, 40+ तथा 50+ आयु वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा जिले में बैडमिंटन खेल के विकास को गति प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी।

आयोजकों ने गोंदिया एवं आसपास के सभी खेल प्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# 100 किलोमीटर का सफर तय करके देना पड़ रहा बोर्ड परीक्षा..

## पुर्नपरीक्षार्थी के लिए पूरे जिले में सिर्फएक परीक्षा केंद्र ..

## परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचने में भारी परेशानी..

जगप्रेरणा आमगांव।

***मार्च 2026 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जो छात्र फेल हो गए थे। उन्होंने पुर्नपरीक्षा आवेदन भरा था।***

इन पुर्नपरीक्षार्थी के लिए जिले में पूरे जिले के लिए एक ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस वजह से जिले के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले छात्रो को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए 100 से 150 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। लंबा सफर होने की वजह से एक तरफ तो समय पर पहुंचना मुश्किल है। दूसरी तरफपरीक्षा देने वाले छात्रो पर भारी आर्थिक एवं मानसिक का बोझ पड़ रहा है। कई छात्र छात्रा पुरे जिले मे केवल एक ही परीक्षा केंद्र होने से परीक्षा देने से बच रहे हैं। पुर्नपरीक्षार्थी के लिए 10वीं बोर्ड का परीक्षा केंद्र जेएम हाई स्कूल गोंदिया और 12वीं बोर्ड का परीक्षा केंद्र डीबी साइंस कॉलेज गोंदिया में बनाया गया है। परीक्षा केंद्र पर एक ही स्थान पर 500 से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। पर्याप्त भौतिक सुविधाएं न होने के कारण परीक्षा देते समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेपर पूरा करने के बाद दोबारा घर पहुंचना जद्दोजहद भरा काम है।

जिले के सभी आठ तालुकाओं से परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए जिले के गोंदिया में संचालित परीक्षा केंद्रों पर आ रहे हैं। इनमें सालेकसा तालुका के पिपरिया बिजेपार दरेकसा, देवरी तालुका के चिचगड़ काकोडी, अर्जुनी मोरगांव तालुका के बोंडगांवदेवी, केशोरी गोठंणगांव के विद्यार्थी सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करने के बाद समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई मार्गों पर परिवहन के साधनों का अभाव है। आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के पास खुद के परिवहन के साधन नहीं हैं। ऐसे में कई विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रहे हैं, ऐसी जानकारी सामने आई है। जिले में परीक्षा केंद्र होने से कई अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों ने दोबारा परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है। उनका साल बर्बाद होने वाला है, जबकि कुछ परीक्षार्थी लंबी दूरी तय करने का साधन न होने और समय पर परीक्षा केंद्र पर न पहुंचने के कारण परीक्षा फीस देने के बावजूद परीक्षा पेपर से वंचित रह जाते हैं।

## भारी आर्थिक बोझ..

दोबारा परीक्षा देने वालों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए परीक्षा फीस के साथ-साथ भारी आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

## ज्यादा परीक्षा फीस लेने से यह परीक्षा सुविधाजनक नही..

बोर्ड ने दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रो से बढ़ी हुई परीक्षा फीस वसूली है। उल्टा, परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा देना सुविधाजनक बनाने के बजाय परेशानी भरा बना दिया है। इससे पालक नाराज हैं। मार्च में परीक्षा केंद्र ऐसी जगहों पर दिया जाता है जहां सौ से ज्यादा छात्र होते हैं। लेकिन सप्लीमेंट्री परीक्षा में 500 तक छात्र होने पर भी उन्हें जिले में एक ही जगह पर रखा जाता है। पालक और छात्रो की मांग है कि कम से कम एक या दो तालुका में कमसे कम परीक्षा केंद्र बनाया जाए।

## शिक्षक संघटना की चुप्पी क्यो..

शिक्षक संघटना अपने हितो के साथ ही छात्र हितो की रक्षा की बात करने वाली शिक्षक संघटना पुर्नपरीक्षार्थी छात्रो को हो रही परेशानी को लेकर गंभीर क्यो नही हैं यह भी प्रश्न उपस्थित किया जा रहा है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 शनिवार 27 जून 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गोंदिया तिरोड़ा मार्ग पर गंगाझरी बस स्टॉप के पास आधी रात में

# दो कारों के बीच तूफानी भिड़ंत में गोंदिया के हर्ष दलवानी की दर्दनाक मौत, 9 अन्य घायल..

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर था मृतक हर्ष दलवानी..

### आधी रात को पार्टी करके वापस आ रहे थे मृतक और उसके दोस्त तो वहीं दूसरी कार में भी आधी रात को घुमने जा रहे थे युवक..


दुर्घटनाग्रस्त कार जिसके परखच्चे उड़े..


दुर्घटना में मृत हर्ष दलवानी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में गोंदिया तिरोड़ा मार्ग पर गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत आज 26 जून 2026 दिन शुक्रवार की रात्रि में 1 बजे लगभग गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत तेज रफ्तार दो कारों किया सोनेट एवं महेन्द्रा एसयूवी में तूफानी भीड़ंत हो गई, जिसके कारण दोनों कारों में सवार सभी 9 युवक बूरी तरह से घायल हो गए, जबकि वहीं इस घटना में किया सोनेट वाहन में सवार गोंदिया के गणेश निवासी निवासी दलवानी परिवार के 25 वर्षीय पुत्र हर्ष दलवानी की***

दर्दनाक मौत हो गई, जबकि वहीं किया सोनेट में सवार 1. अमित हरीश गुरनानी उम्र 26 वर्ष निवासी सेलटेक्स कालोनी, 2. केतन पिंकी असाटी उम्र 21 वर्ष, लालगल्ली निवासी गोंदिया, 3. नवीन अशोक राजगुरु उम्र 28 वर्ष निवासी बाजपेई चौक गोंदिया, 4. आदित्य सुंदरानी उम्र 24 वर्ष निवासी सेलटेक्स कालोनी गोंदिया बूरी तरह से घायल हो गए। इसी प्रकार महेन्द्रा एसयूवी में सवार 5 लोगों में 1. यश दशरथ राहंगडाले उम्र 22 वर्ष, शुभम व्यंकट राहंगडाले, निवासी अंजोरा आमगांव, 3. कपिल राजेन्द्र राहंगडाले (चालक) उम्र 22 वर्ष निवासी ननसरी, 4. उदय भास्कर राहंगडाले उम्र 23 वर्ष, निवासी तांडा, गोंदिया, 5. मयुर धारासिंग चव्हाण, उम्र 22 वर्ष, निवासी अंगुर बगीचा गोंदिया कुल सभी 09 लौग घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु केटीएस जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

### वाहन चालकों के खिलाफ दर्ज किया गया अपराध..

गौरतलब है कि दोनों ही कारों के बीच हुई टक्कर की प्रथम सूचना रिपोर्ट गंगाझरी पुलिस के सिपाही दुर्योधन काशीराम मारबतकर के द्वारा दर्ज कराई गई है, जिसमें उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए लिखाया है कि दिनांक 25 जून 2026 की रात्रि 8:00 बजे से 26 जून 2026 की सुबह 8:00 बजे तक डायल 112 की रात्रि गश्त ड्यूटी पर वे थे, और उनके साथ पुलिस स्टाफ के चालक बकल नं. 1500, सैनिक सुनील सिद्‌थये सांगारे, बकल नं. 764 तथा सैनिक भूपेंद्र चपाला पटले, बकल नं. 765 शासकीय वाहन से गश्त कर रहे थे। दिनांक 26 जून 2026 को रात्रि 1:26 बजे डायल-112 पर मोबाइल नंबर 7755972455 से कॉल प्राप्त हुई। कॉलकर्ता निर्मल सोनवाने ने सूचना दी कि गंगाझरी से तिरोड़ा मार्ग पर दो चारपहिया वाहनों के बीच दुर्घटना हुई है। सूचना मिलते ही हम पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां पाया गया कि वाहन क्रमांक एमएच 35 बीसी 1754 तथा वाहन क्रमांक एमएच 13 डीएम 5550 के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई थी। दोनों वाहनों के चालकों ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण दुर्घटना हुई। दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार कई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए तथा एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सभी घायलों एवं मृतक को उपचार एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए के.टी.एस. अस्पताल, गोंदिया भेजा गया। तथा दोनों ही वाहन के चालकों कपिल राजेंद्र राहंगडाले एवं अमित हरीश गुरनानी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने एफआईआर दर्ज कराई गई।

### दोस्त के आमंत्रण पर पार्टी करने गए थे हर्ष दलवानी और दोस्त..

दुर्घटना के उपरांत प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हर्ष दलवानी और उनके सभी दोस्त एक अन्य दोस्त के आमंत्रण पर तिरोड़ा रोड पर स्थित पलाश रिसॉर्ट गए थे, और वहां से वापस लौट रहे थे, इतने में अचानक गोंदिया तिरोड़ा मुख्य मार्ग पर अन्य कार से दुर्घटना हो गई। हर्ष के रिश्तेदारों ने बताया कि हर्ष दलवानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रुप में कार्यरत था।

### अचानक किया ने मारी टक्कर..

गौरतलब है कि दो कारों के बीच हुई दुर्घटना में घायल यश राहंगडाले ने जगप्रेरणा को बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ तिरोड़ा रोड पर घुमने के लिये जा रहे थे। हमारी कार में हम पांच लोग थे। जिस दौरान दुर्घटना हुई, हमने देखा कि सामने से आ रही कार किया सोनेट तेज रफ्तार में सामने से आते हुए बहककर हमारी ओर आ गई जिससे कि गंगाझरी बस स्टॉप के पास हुए इस हादसे को रोका नहीं जा सका। जख्मी यश ने बताया कि उनके दो साथियों को गंभीर चोटें आई है।

### वंचित एवं पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर और सम्मान देकर

# समाज में बदलाव की ऐतिहासिक क्रांति लेकर आए राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज - अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े

### गोंदिया में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा मनाया गया सामाजिक न्याय दिवस..









जगप्रेरणा गोंदिया।

***राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज ने सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति लाकर समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा। यह विचार अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक न्याय दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए।***

राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर समाज कल्याण कार्यालय, गोंदिया द्वारा सामाजिक न्याय भवन में सामाजिक न्याय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त समाज कल्याण उपायुक्त अनिल देशमुख, शुद्धोधन सहारे, डॉ. सविता बेदरकर, समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर, समाज कल्याण अधिकारी कीर्तीकुमार कटरे तथा समाजभूषण संस्था के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी श्री घोरपड़े ने कहा कि राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज का जन्म 26 जून 1874 को कागल के घाटगे परिवार में हुआ था। वे कर्मशील एवं दूरदर्शी शासक थे।

उन्होंने बहुजन समाज के उत्थान, सामाजिक समानता और शिक्षा के प्रसार के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए। शिक्षा को प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार मानते हुए उन्होंने कोल्हापुर रियासत में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा लागू की तथा कई गांवों में विद्यालय स्थापित किए। बच्चों को विद्यालय न भेजने वाले अभिभावकों पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया था।

उन्होंने समाज के वंचित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक सुधारवादी कदम उठाए। इसी कारण उनके जन्मदिवस 26 जून को प्रतिवर्ष 'सामाजिक न्याय दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर समाजभूषण सम्मान प्राप्त शुद्धोधन सहारे, डॉ. सविता बेदरकर तथा सेवानिवृत्त समाज कल्याण उपायुक्त अनिल देशमुख ने भी शाहू महाराज के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिले एवं विभिन्न तहसीलों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शासकीय निवासी विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा गटई (चर्मकारी) व्यवसाय से जुड़े अनेक श्रमिकों को उनके स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मान्यवरों के हाथों टीन के स्टॉल वितरित किए गए।

कार्यक्रम का प्रस्ताविक समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर ने प्रस्तुत किया। संचालन प्रमोद गणवीर ने किया तथा आभार प्रदर्शन हेमंत घाटघुमर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, नागरिक एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज कल्याण निरीक्षक स्वाती कापसे सहित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्रिस्टल कंपनी के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े के नेतृत्व में

# छात्रों में बढ़ती नशे की लत को रोकने ड्रग्स माफियाओं पर कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज 26 जून 2026 को गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर वराडे के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समय***

रहते इन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से तीव्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के उपरांत जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े ने कहा कि पिछले कई दिनों से गोंदिया शहर में विशेष रूप से स्कूलों, महाविद्यालयों तथा निजी कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच नशे की लत बढ़ने संबंधी अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण गोंदिया शहर में पढ़ने के लिए भेजते हैं। अनेक अभिभावक अपने बच्चों को किराये के कमरों अथवा छात्रावासों में रखकर उनकी शिक्षा की व्यवस्था करते हैं। बच्चे अकेले रहने के कारण कई स्थानों पर नशे के शिकार हो रहे हैं और इस संबंध में शिकायतों की संख्या पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों के किसान एवं मजदूर परिवारों के अभिभावक अपने कठिन परिश्रम से कमाए हुए धन को अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं। किंतु इन बच्चों को नशे की लत लगाने का कार्य शहर में सक्रिय ड्रग्स माफिया द्वारा किया जा रहा है, ऐसा सामने आया है। विशेष रूप से स्कूलों, महाविद्यालयों, निजी कोचिंग संस्थानों तथा छात्रावासों के आसपास इन ड्रग्स माफियाओं का कारोबार बड़े पैमाने पर चलने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। लेकिन इस संबंध में पुलिस प्रशासन की चुप्पी के कारण ड्रग्स माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और उनका अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है।

श्री वराड़े ने कहा कि इसका सबसे गंभीर प्रभाव उन युवाओं पर पड़ रहा है जो अपने परिवारों के उज्वल भविष्य की आशा हैं। इसलिए इन ड्रग्स माफियाओं पर समय रहते अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ सदस्य पी.जी. कटरे, राजकुमार पुराम, विशाल अग्रवाल, एडवोकेट दुष्यंत किरसाण, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, जितेंद्र कटरे, देवेंद्र रहांगडाले, जमीलभाई पठान, जहीर भाई अहमद, बाबा मिश्रा, महेश उके, अमन तिगाला, जगदीश चुटे, बलजीत सिंह बग्गा, शैलेश बाहेकर, रंजीत गणवीर, जीवन शरणागत, कुणाल शेंडे तथा अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियां ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
ग्रीन नेट
कारपेट्स
ताड़पत्री
डोरमेट्स
ब्लैंकेट्स
बेड शीट्स
रमनकुमार मेठी
हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com